देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद मंडल के कुमण्डीह स्टेशन की घटना 03 हताहत एवं 01 गंभीर रूप से घायल

हाजीपुर। धनबाद मंडल के कुमण्डीह स्टेशन की घटना में 03 यात्री हताहत एवं 01 बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है जिनका विवरण निम्नानुसार है - हताहतों का विवरण - मंजू देवी, ग्राम - हरिहरगंज, जिला-रोहतास नन्दलाल शुक्ला, उम्र-72 वर्ष, बैरिया, डालटनगंज तीसरे की पहचान करने की कोशिश की जा रही है गंभीर रूप से घायल यात्री का विवरण - पीहू कुमारी, उम्र-02 वर्ष, पिता- सुशील कुमार, अशोक नगर, रांची

### जून को दानापुर दियारा के लाइफ लाइन पीपापुल खोल दिया जायेगा

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा को लाइफ लाइन पीपापुल 18 जून को खोल दिया जायेगा। इसको लेकर विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है। पीपापुल खोलने का निर्धारित तिथि 15 जून है। इसके बाद किसी भी दिन पीपापुल खोला जा सकता है। ठेकेदार की माने तो 18 जून को पीपापुल खोला जायेगा। पुल खुलने के बाद दियारा के लोगो को नौका ही एक सहारा बन जायेगा। पीपापुल खोले जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। पीपापुल खुलने दियारा के सभी सात पंचायतो का दानापुर से संपर्क नौका द्वारा ही बनाया जा सकेगा। माना जाता है कि गंगाशहरा से गंगा का जलस्तर बढने लगता है। जिसको देखते हुए पीपापुल खोल दिया जाता है। दियारावासियों कि माने तो अभी जलस्तर नही बढ़ा है। पीपापुल खुल जाने से आवागमन में समस्या आयेगी। जो अभी गांव से सीधा वाहन पर सवार होकर लोग दानापुर आ जा रहे है। पीपापुल खुलने के बाद नौका से ही लोगों का आना-जाना करना पड़ेगा

### रंगेहाथ एक ऑटो चोर को किया गिरफ्तार

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एक ऑटो चोर को धड़ दबोचा। उसके पास से ऑटो बरामद कर लिया। प्राप्त समाचार के अनुसार मनेर के सुअरमरवा निवासी अजीत कुमार का ऑटो दानापुर ऑटो स्टैंड के पास से एक युवक ने चोरी कर ली। यह घटना उस समय हुई जब ऑटो चालक चंदन कुमार सवारी लेकर आया था। उसने ऑटो स्टैंड में लगाकर शौचालय चला गया था। जब लौटे तो ऑटो गायब मिले। इस संबंध में चंदन ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने छानबीन करते हुए आसपास इलाके से ऑटो को बरामद किया। साथ ऑटो चोरी करने वाले मनेर के शेरपुर रामपुर निवासी मोहन कुमार को गिरफ्तार किया। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि ऑटो चोरी मामले में ऑटो समेत मोहन कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसे पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भोला सिंह जिला महासचिव मनोनीत

फतुहा। स्थानीय देवी चक निवासी भोला सिंह को राजद का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन पटना पूर्वी के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार चन्द्रवंशी ने किया है तथा संगठन मजबूत पर बल दिया है। इसके मनोनयन से स्थानीय विधायक डॉ रामानंद यादव, दयानंद यादव, शिवपूजन प्रशांत, श्यामनन्दन यादव, मनोज यदुवंशी व धर्मवीर गोप ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बंद फ्लैट के ताला काट कर चोरों ने हजारों के जेवर ले भागे

दानापुर नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरपीएस मोड़ स्थित विला अपार्टमेंट में एक बंद फ्लैट का ताला काट कर चोरो ने हजारो के जेवरात ले भागे। जानकारी पर पहुंचे फ्लैट मालिक के भाई राकेश कुमार ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। पुलिस आस पास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। इस संबंध में राकेश कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार रूपसपुर के आरपीएस मोड़ स्थित विला अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 206 में अखिलेश कुमार रहते है। बताया जाता है कि वे कोटा में तैयारी करते है। यहां फ्लैट बंद था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरो ने फ्लैट का ताला तोड़ घटना का अंजाम देते हुए हजारो के जेवरात व अन्य सामान ले भागे। इसकी जानकारी पर अखिलेश के भाई राकेश कुमार पहुंचे तो फ्लैट का ताला टूटा देखा अंदर सारा सामान फैला था। अपर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बंद फ्लैट का ताला काट कर चोरो ने जेवरात आदि चोरी कर ली। फ्लैट मालिक के भाई राकेश कुमार ने लिखित शिकायत दी है। फ्लैट मालिक कोटा में रहते है।

# 17 मई से चल रहे विश्व उच्च-रक्तचाप माह का हुआ समापन

### उच्च-रक्तचाप को नियमित जांच एवं योग से आगे बढ़ने से रोका जा सकता है : निदेशक प्रो. गोपाल कृष्ण पाल




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में विगत 17 मई से चल रहे विश्व उच्च-रक्तचाप माह का समापन शनिवार एक ह्वाकॉथानह्व के साथ हुआ जिसमें संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. गोपाल कृष्ण पाल के नेतृत्व में अधिष्ठाता डॉ प्रेम कुमार और चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनूप कुमार, सहित दर्जनों संकाय सदस्यों, डॉक्टरों, नर्सों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने सभागार भवन से प्राशसनिक भवन तक की दूरी तय की। निदेशक ने बताया की नियमित जांच के द्वारा उच्च-रक्तचाप को उसके प्रारम्भिक चरण (प्री-हाइपरटेंसन) में पकड़ा जा सकता है तथा योग और स्वस्थ जीवन शैली के द्वारा उसको आगे बढ़ने से रोका जा सकता है. इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. बिन्दे कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे. उन्होंने बताया की उच्च रक्तचाप का यदि समय से उपचार किया जाए तो लकवा जैसी गंभीर बीमारियों की संभावना को कम किया जा सकता है। सह-अधिष्ठाता (शैक्षणिक) डॉ रूचि सिन्हा ने उपस्थित सभी लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर ह्यहदय रोग से बचावह्व विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इससे पहले, पिछले एक सप्ताह में औषधि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत संस्थान में कार्यरत कर्मियों के रक्तचाप की जाँच की गयी और आवश्यकतानुसार उचित परामर्श भी दिया गया। प्रो. प्रेम कुमार, अधिष्ठाता (शैक्षिणिक), प्रो. अनूप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, श्री नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), डॉ ज्योति प्रकाश, कुलसचिव एवं विभागाध्यक्ष, सामान्य औषधि विभाग एवं डॉ उमेश भदानी, विभागाध्यक्ष, निश्चेतना विभाग भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# केंद्र और बिहार सरकार मिलकर राज्य के वस्त्र उद्योग के विकास की संभवनाओं को चिन्हित करेगी : गिरिराज सिंह

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से शनिवार को पटना में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने राज्य के उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा के साथ एक बैठक की। बैठक में रोहित कंसल, अपर सचिव, वस्त्र मंत्रालय, संजीव पौण्ड्रीक, अपर मुख्य सचिव (उद्योग विभाग) बिहार सरकार, अमृत राज, विकास आयुक्त (हस्तकरघा), भारत सरकार राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रतिनिधि के अलावा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार मिलकर राज्य के वस्त्र उद्योग के विकास की संभवनाओं को चिन्हित करेगी और शीघ्र ही बिहार, भारत के वस्त्र मानचित्र पर एक सशक्त राज्य के रूप में उभर कर आयेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में तसर सिल्क, ऐरी सिल्क और गारमेंट क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं और वो खुद तमिलनाडु के त्रिपुर के बड़े उत्पादकों के सम्पर्क में हैं और शीघ्र ही वहां से कुछ उत्पादक राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने आगे कहा कि उनकी मंशा है कि राज्य में वस्त्र उद्योग का समुचित विकास हो और इस क्षेत्र में कम से कम एक से दो लाख रोजगार का सृजन किया सकता है।

केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि वस्त्र उद्योग में कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार इसी क्षेत्र में है और करीब 5.5 करोड़ लोग इस क्षेत्र से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में इस क्षेत्र में और विकास किया जायेगा तथा लगभग 50 लाख अतरिक्त लोगों को रोजगार दिया जायेगा, जिसमें उनका लक्ष्य दो लाख लोगों को बिहार में रोजगार देना है।उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार, बिहार सरकार को हर संभव मदद देने को तत्पर है और राज्य सरकार से एक ब्लूप्रिंट बनाने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (उद्योग) श्री संदीप पोंड्रिक ने कहा कि राज्य में मानव संस्थान प्रचुर है और राज्य की औद्योगिक नीति किसी भी राज्य से बेहतर है। जरूरत है निवेशकों के बीच अनुकुल वातावरण तैयार करने का। उन्होंने विभिन्न हित धारकों के साथ इस सम्बन्ध में शीघ्र ही एक बैठक के आयोजन का सुझाव दिया।

# सीमा शुल्क ने विदेशी मूल के मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत राँची सर्किल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर यात्री बस की तलाशी के दौरान राँची-जमशेदपुर रोड पर रामपुर (राँची) के समीप अवैध रूप से छिपाकर लाए जा रहे विदेशी मूल के मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले को शुक्रवार को सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया। उपरोक्त जब्त किये गये मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले जो कि चीनी मूल के हैं एवं उन्हें प्लास्टिक के बोरे के अन्दर कार्टन में छिपाकर रखा गया था और इन्हें अवैध रूप से तस्करी करके ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए मोबाइल एलसीडी टच स्क्रीन डिस्प्ले की कुल संख्या 300 पीस है जिनका अनुमानित मूल्य 5 लाख 74 हजार के करीब है। उपरोक्त मोबाइल सामग्री को उचित सीमा शुल्क एवं अन्य शुल्क के भुगतान के बगैर भारतीय सीमा में अवैध रूप से तस्करी के द्वारा लाया गया था एवं किसी दुसरे स्थान पर अवैध रूप सेछिपाकर ले जाया जा रहा था। इस अवैध तस्करी के प्रयास को सीमा शुल्क के अधिकारियों ने तत्पर कार्रवाई करते हुए विफल कर दिया। पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क आयुक्तालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर की गई। आयुक्त महोदय ने आगे बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

# नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल से इंडो-नेपाल व्यापार वार्ता रहा सफल : अशोक



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) व आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ), बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा अपनी पत्नी के साथ आज काठमांडू मे नेपाल के प्रधानमंत्री माननीय श्री पुष्प कमल दाहाल जी से उनके आवास पर मुलाकात हुई, साथ मे कृषि मंत्री माननीया श्रीमती ज्वालाकुमार शाह जी भी मौजूद थी। श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री जी को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र से पूरे कैट परिवार की तरफ से स्वागत किया। सर्व प्रथम वर्मा जी ने प्रधानमंत्री व कृषि मंत्री को नेपाल मे राष्ट्रीय फल संतरा को घोषित करने पर बधाई दिया। कैट बिहार अध्यक्ष ने बताया कि कृषि व उद्योग के व्यापार को बढ़ावा देने से नेपाल के युवाओं व युवतियों का पलायन रुकेगा और नेपाल आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द हम कैट/एआईजेजीएफ के प्रतिनिधि मंडल को बुलाएगे और उस वार्ता मे मुख्य सचिव व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेगे साथ ही हम अपने उद्योग पालिसी मे भी बदलाव करेगे और बैंकों का भी सहयोग उद्योगपतियों को देंगे।

# बकरीद पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द के वातावरण में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला परिषद् हाजीपुर के सभागार कक्ष में बकरीद पर्व को शांति पूर्वक, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें सभी अनुमण्डलों और प्रखण्डों के शांति समीति के सदस्यों ने भाग लिया। पुलिस अधिक्षक श्री हर किशोर राय ने कहा कि पर्व के अवसर पर हमें एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखना है। यह कुबार्नी का त्योहार है। जिसे हमें मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। शांति समिति के सदस्य भी इसमें सक्रिय सहयोग करें। उन्होनें कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी और भ्रामक तथा अफवाह आधारीत खबर फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें समिति के सदस्यों से कहा कि यदि उनके पास कोई गोपनीय सूचना प्राप्त होती है तो तुरंत वॉट्सअप पर मैसेज करें। आधे घंटे के अंदर कारवाई की जाएगी। पुलिस अधिक्षक ने कहा कि कल गंगा दशहरा भी है। इसको लेकर अर्लट भी रहना है। सभी महत्वपूर्ण प्वाईट पर दण्डाधिकारी और पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता श्री विनोद कुमार सिंह ने सभी को बकरीद पर्व की अग्रिम बधाई दी है। उन्होनें पेयजल के लिए चौक-चौराहो पर प्याउ लगाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होनें कहा कि बिजली की अबाध आपूर्ति की जाए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अनुमण्डल वार शांति समीति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीडीसी, सभी एसडीएम, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# लोहिया संस्थान में आयोजित किया गया तीन दिन का समर्पित एमआरआई टीचिंग कोर्स




प्रात :किरण संवाददाता

लोहिया संस्थान में 15 से 17 जून के बीच एक विशेष एमआरआई टीचिंग कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें की देशभर के150 से अधिक चिकित्सकों नें भाग लिया। इस कोर्स का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ) सी. एम. सिंह ने किया एवं संस्थान के रेडियोडायगनोसिस विभाग को इस विशेष एमआरआईकोर्स के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एमआरआई की आजकल की चिकिसा विज्ञान एवं इलाज में अहमियत के बारे में बताया। कोर्स के मुख्य आयोजक डॉ गौरव राज अग्रवाल नें आजकल के दौर में चिकित्सकों के लिए इस कोर्स के महत्व को समझाया। इस मौके पर डीन डॉ प्रदयुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.ए. के.सिंह, एस.जी.पी.जी.आई के रेडियोडायगनोसिस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, के.जी.एम.यू. के रेडियोडायगनोसिस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनित परिहार, , बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ गणेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

# गुरु के वचनों में अटल विश्वास का चमत्कार : मंत्री रत्नेश सदा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। कबीरपंथी आश्रम कबीर साईं मंदिर मीठापुर में साप्ताहिक सत्संग महंत ब्रजेश मुनि महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे मद्ध निषेध निबंधन विभाग बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि गुरु के वचनों में अटल विश्वास का चमत्कार सद्गुरु कबीर कहते हैंः-गुरु के वचन प्रतीति न जेहि सपनेहु सुख सिद्धि सुलभ न तेहि जे गुरु पद पंकज अनुरागी ते लोकहुं वेदाहं बड़भागी, गुरु के दर्शन और शब्दों में विश्वास के बिना, कोई भी शाश्वत सुख (ईश्वर) प्राप्त नहीं कर सकता है, वेद उन्हें बहुत भाग्यशाली कहते हैं, जो गुरु के प्रति समर्पित हैर। केवल विश्वास ही असंख्य पिछले जन्मों में अर्जित असंख्य पापों के विशाल पहाड़ को धो सकता है। गुरु के शब्दों में दृढ़ विश्वास हमें उपवास, अग्नि यज्ञ या योग आदि जैसी कठोर तपस्या किए बिना माया के चंगुल से मुक्त करने की शक्ति रखता है। हमारे गुरु हैं, हमें उनके वचनों पर दृढ़ विश्वास रखना चाहिए और उनके निदेर्शों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। उनके निदेर्शों का पूरी तरह और ईमानदारी से पालन करना ईश्वर प्राप्ति का सबसे छोटा और निश्चित मार्ग है। इसलिए गुरु के वचनों में अटल विश्वास का चमत्कार हैं। इसी कड़ी में महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुभूर्मी ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि। आपको अपना निर्धार्धारित कर्तव्य निभाने का अधिकार है, लेकिन आप कर्म के फल के हकदार नहीं हैं। अपने कर्मों के फल बाढ़ का कारण कभी भी स्वयं को न समझें, और न ही के अपने कर्तव्य को न करने में कभी आसक्त न हों। इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान रूबी देवी, उषा देवी, प्रतिमा देवी एवं अन्य महिलाओं द्वारा कबीर साई के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया। तत्पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

# सीबीआई के स्पेशल अधिकारी बता एक युवती को झांसा में लेकर लगभग 6 लाख रुपए की ठगी कर ली

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर बदमाशो ने अपने को सीबीआई का स्पेशल अधिकारी बता एक युवती को झांसा में लेकर लगभग 6 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होते ही परेशान युवती ने रूपसपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि कुछ माह पूर्व रूपसपुर थाना क्षेत्र के मुहआबाग वीआईपी कालोनी निवासी अनुष्का कुमारी को एक फोन पर व्हाटसअप कॉल आया। जिस पर कॉल करने वाले ने अपने को सीबीआई स्पेशल सेल का अधिकारी बताते हुए कि मै अंधेरी ईस्ट पुलिस स्टेशन से बोल रहा हूं मनी लॉडिग केस में आपका नंबर आया है।

आप पर केस हो रहा है। जिससे अनुष्का डर गयी। जिसका फायदा उठाते हुए केस माइनेज करने का झांसा में लेकर उससे कई बार में करीब 6 लाख रुपए की ठगी कर ली। जिसका एहसास होते ही अनुष्का ने थाने में शिकायत दर्ज करायी। अपर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि अनुष्का कुमारी ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

# डीएम ने पदाधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का किया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा पदाधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। गाँव-गाँव तक जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया है।परिवार नियोजन के महत्व से जनता को अवगत कराने के लिए सारथी रथ और सास-बेटा-बहू सम्मेलन जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।विदित हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों (मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित) में 27 जून से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता माह आयोजित किया जाएगा। इसी दिशा में दिनांक 01 जून से 20 जून 20 तक ह्लप्रारंभिक चरणह्व, दिनांक 27 जून से 10 जुलाई तक ह्लसामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा एवं दिनांक 11 जुलाई से 31 जुलाई तक ह्लपरिवार नियोजन सेवा पखवाड़ाह्व का आयोजन होगा। इसके अन्तर्गत पूरे ज़िला में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान कराना है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाकर कुल प्रजनन दर (टीएफआर) को कम करना है। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सम्पूर्ण जिला में सघन अभियान चलाया जाएगा। इस तरह का कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी साबित होता है।प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार कल्याण मेला (हेल्थ मेला) लगाया जाएगा। पखवाड़ा के तहत इच्छुक क्लायंट का बंध्याकरण ऑपरेशन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों यथा आँगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुमंडल अस्पतालों, रेफरल हॉस्पिटल तथा जिला अस्पताल में परिवार नियोजन की गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध है। सभी योग्य एवं इच्छुक दम्पत्ति इसका लाभ उठाएं। सिविल सर्जन, पटना को परिवार नियोजन के लाभ, उपलब्ध निःशुल्क सेवाएं तथा लाभार्थी को देय कार्य क्षतिपूर्ति/प्रोत्साहन राशि की जानकारी आम जन को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। ज़िलाधिकारी ने निदेश दिया कि जनसंख्या संतुलन हेतु संबंधित पदाधिकारीगण स्वास्थ्य के साथ-साथ त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं, आईसीडीएस, जीविका, कल्याण विभाग, सिविल सोसाईटी एवं अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच सार्थक समन्वय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगर-निकायों के माननीय प्रतिनिधियों, माननीय विधायकों तथा माननीय सांसदों से अनुरोध कर अभियान में उनका बहुमूल्य सहयोग प्राप्त करें। डीएम ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण हमारे बेहतर विकास दर तथा मानव विकास सूचकांक के लिए आवश्यक है। इसके लिए सभी हितधारकों को सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहना होगा।

# ऋणधारकों को बैंक सहुलियत दें : एसीजेएम



प्रात :किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। व्यवहार न्यायालय बेनीपुर में आगामी 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक 13 जून को एसीजेएम-1 संगीता रानी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए ऋणधारकों का चयन कर उनके नाम नोटिस तैयार कर कार्यालय में जमा करें। ऋणधारकों को ऋण की राशि का इंतजाम करने के लिए लोक अदालत से पहले कुछ समय भी दिया जाना चाहिए, इसलिए एक सप्ताह के अंदर पक्षकारों को नोटिस जारी करने का काम करें। एसीजेएम ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य है गरीब और वंचितों को निःशुल्क विधिक सेवा देना। बैंक के ऋण चुकाने संबंधी अच्छी योजनाओं के तहत ऋणधारकों को अधिक से अधिक छूट देने का प्रबंध करें। अपने स्तर से प्रचार प्रसार के जरिए लोगों तक छूट के बारे में संदेश पहुंचायें। बकायादारों से मिलकर बातचीत कर प्रि काउंसलिंग करें। मामलों को निपटाने का लक्ष्य पिछले लोक अदालत से अधिक रखें। बैठक में न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रोहित कुमार गुप्ता, एसबीआई के अधिकारी विकास आनंद गुप्ता, कृषि विकास शाखा के धर्मेंद्र कुमार, बैंक आफ इंडिया के मनीष कुमार, सेंट्रल बैंक के सूरज कुमार सिंह और पंजाब नेशनल बैंक के रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान से बड़ा कोई कर्म व धर्म नहीं : बीडीओ

प्रात :किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। रक्तदान से बड़ा कोई धर्म एवं कर्म नहीं है। दुर्घटना एवं रोग से पीड़ित लोगों को जीवनदान देने में रक्त से बड़ा कोई संजीवनी नहीं है। रक्तदान लोगों को जरूर करनी चाहिए।

अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर में 13 जून को विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर स्थानीय बीडीओ प्रवीण कुमार ने रक्तदान करने के बाद ये बातें कहीं। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में संचालित ब्लड बैंक में दुर्घटना एवं बीमार लोगों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करें। अस्पताल में रक्त उपलब्ध रहने से कई पीड़ित व्यक्तियों की जीवन बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में बीडीओ के साथ प्रखंड के आधा दर्जन कर्मियों ने भी रक्तदान किया। मौके पर अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ कुमारी भारती, पूर्व उपाधीक्षक डॉ जितेंद्र नारायण, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संजन संजू, फिजियोथैरेपिस्ट प्रभात कुमार, अस्पताल प्रबंधक राहुल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# राज्य के किसी भी हिस्से से 5 घंटे में पटना तक पहुंच सुनिश्चित कराना प्राथमिकता : विजय

## पथ निर्माण को अपेक्षित गति देने हेतु अनुपूरक बजट में अतिरिक्त राशि प्राप्त करने का होगा प्रयास

- बोलें- आधुनिक और विश्वस्तरीय सड़क अवसंरचना का विकास हमारा लक्ष्य
- सीमित संसाधनों में बेहतर परिणाम देना हमारा लक्ष्य
- पथ निर्माण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से भी लिया जाएगा सहयोग
- पथ निर्माण योजनाओं तथा बजट की हुई विस्तृत समीक्षा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को पथ निर्माण विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ विभाग के बजट एवं योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को निदेशित किया कि वर्तमान में योजना प्रक्षेत्र के नेगेटिव बीओएस को बढ़ाने हेतु सभी अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित किए जाएँ ।

इससे नई योजनाओं का चयन संभव हो सकेगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि हमने विगत तीन वर्षों में चयनित योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा करने का निदेश विभागीय पदाधिकारियों को दिया है । साथ ही समीक्षा बैठक में सड़क एवं पुल प्रक्षेत्र में नई योजनओं के चयन हेतु कार्रवाई किए जाने के क्रम में हमने कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए । मसलन, श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हम स्पष्ट रूप से मानते हैं कि बेहतर सड़क अवसंरचना बहुमुखी विकास की नींव है । इसलिए हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों विश्व स्तरीय अवसंरचना के विकास पर बल दते हैं । बिहार में जबसे एनडीए की सरकार बनी है सड़कों की स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन आया है । हमने राज्य के हर हिस्से को सड़कों के जाल से जोड़ने में सफलता पाई है । अब पथ निर्माण की अगली कड़ी में हम आधुनिक और विश्वस्तरीय अवसंरचना के विकास की ओर बढ़ रहे हैं ।

- राज्य के सभी क्षेत्रों में सुलभ आवागमन सुनिश्चित करने एवं राज्य के किसी भी कोने से राजधानी 5 घंटा में पहुँचने के लक्ष्य को पाने हेतु आवश्यक सड़कों को चिन्हित करते हुए उसके चयन की कार्रवाई की जाय।
- सुलभ सम्पर्कता मद में अवशेष बीओएस के तहत नये बाईपास का चयन करते हुए उसके स्वीकृति की कार्रवाई की तैयारी प्रारम्भ की जाय।
- राज्य के प्रमुख मार्गो को चिन्हित कर उन्हें राष्ट्रीय उच्च पथ घोषित करने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव करने की तैयारी प्रारम्भ की जाय।
- राज्य के विभिन्न प्रमुख वृहद् जिला पथों को नये राज्य उच्च पथ घोषित कर एडीबी से वित्त पोषण हेतु कार्रवाई प्रारम्भ की जाय।
- वृहद् जिला पथों का प्राथमिकता सूची तैयार कर नबार्ड से वित्त पोषण हेतु कार्रवाई प्रारम्भ की जाय।
- केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि अंतर्गत योजनाओं का चयन कर स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने की तैयारी प्रारम्भ की जाय।

# एनडीए सरकार में अपराधी बेखौफ : तेजस्वी

- सोशल मीडिया पर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर साधा निशान
- बोलें- प्रदेश में बेखौफ अपराधी दिनदहाड़े घटनाओं का दे रहे अंजाम

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बिहार सरकार को घेरा है । तेजस्वी यादव ने कहा है कि एनडीए सरकार में अपराधी बेखौफ हैं और हर रोज बिहार हत्याओं से दहल रहा है।

तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, ₹बिहार की एनडीए सरकार में सरकारी अपराधियों को सिर्फ. और सिर्फ एक ही चिंता और डर रहता है कि सत्ता संरक्षण में वारदात करते समय कहीं उनके पिस्तौल और बंदूक की गोलियाँ ना खत्म हो जाएं। ये सिर्फ. गोली मार कर की गयी हत्या की घटनाएँ है। इनमें गोलीबारी और बमबारी की वो घटनाएँ नहीं है जिनमें लोग किसी तरह बच गए और इलाजरत है₹।

तेजस्वी ने बिहार में इन दिनों हुए हत्याओं को याद दिलाते हुए लिखा कि, आलमगंज में पेशी से लौट रहे आरोपित की गोली मारकर हत्या, फुलवारीशरीफ में गोली मारकर हत्या, नेउरा थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या, खाजेकला के नवाब बहादुर रोड में युवक की गोली मारकर हत्या, बिहटा थाना क्षेत्र में छात्र की हत्या, परसा बाजार में युवती की हत्या, पटना के एजी कालोनी में युवक की हत्या, शाहरपुर के माधोपुर दियारा में युवक की गोली मारकर हत्या, शाहपुर में दूध विक्रेता की गोली मारकर हत्या, बख्तियारपुर में युवक की गोली मारकर हत्या, छपरा में कोर्ट जा रहे बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या, छपरा में युवक को गोली मारकर हत्या, सिवान में छात्र की सीने में गोली मारकर हत्या। नेता प्रतिपक्ष ने बिहार सरकार पर जबरदस्त हमला बोला है। तेजस्वी इन दिनों बिहार में हो रहे अपराधिक मामलों को लेकर बिहार सरकार को लगातार घेर रहे हैं। तेजस्वी हर दिन ट्विट कर सरकार को घेर रहे हैं। बीते दिन भी तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, बिहार में डबल इंजन सरकार के बनावटी मंगलराज में चंद घंटों की डरावनी झलकियाँ। बिहार में इंसान की जान की कोई कीमत नहीं। जब चाहे जहां चाहे सरकारी अपराधी किसी को भी गोली मार रहे है। मुख्यमंत्री सहित सरकार को सत्ता संरक्षित आपराधिक घटनाओं पर कोई लेना-देना नहीं।

साथ ही तेजस्वी यादव बिहार में हुए घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने बेगूसराय में सरकारी अपराधियों का तांडव- बलात्कार के बाद युवती की हत्या ! मुजफ्फरपुर में सरकारी अपराधी बेलगाम- युवक को दिनदहाड़े गोली मारी ! पूर्णिया में बमबाजी और डकैती की बड़ी वारदात- सत्ता संरक्षित बदमाशों ने बमबारी एवं ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक साथ चार घरों में डाका डाल लाखों की लूट-खसोट की। अरवल जिले में छुट्टी पर घर आए बीएसएफ जवान की पीट-पीटकर हत्या ! सिवान में बीच सड़क गुंडों ने छात्र की गोली मारकर हत्या की। नवादा में बेखौफ सरकारी अपराधियों ने गोली मार मुखिया का किया मर्डर। मधेपुरा में छात्रा से छेड़खानी रोकने पर बदमाशों ने राजद नेता को गोली मारी। बख्ति्यारपुर में गोली मार युवक की हत्या। शाहपुर में युवक की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या की। पटना में कारोबारी से लूट। महिला से चैन छिनी जैसे मामलाओं को लेकर सरकार को घेरा है।

# आपराधिक घटनाओं को जातीय रंग देकर समाज में अशांति फैलाना चाहते हैं तेजस्वी : उमेश

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बयान जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आपराधिक घटनाओं को एक जाति विशेष से जोड़कर पुनः अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दिया है। यह बात सर्वस्वीकार्य है कि जातीय उन्माद की राजनीति राजद को हमेसा सूट करता रहा है लिहाजा लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद तेजस्वी यादव अब अपने पिता के नक्शेकदम पर चलकर समाज को बांटने में लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट मालूम पड़ता है कि राजद का पारंपरिक वोट भी अब उससे दूर जा रहा है, राजद की राजनीतिक जमीन पूरी तरह से खिसक चुकी है। अखिर कब तक लालू परिवार छल और प्रपंच के सहारे जनता को बेवकूफ बनाने में सफल होता रहेगा, राजद की राजनीतिक कलई खुल चुकी है। तेजस्वी यादव के सामने अब अपनी पार्टी का अस्तित्व बचाने की चुनौती है इसलिए वें बौखलाहट और घबराहट में अनाप-शनाप बयान दे रहें हैं। श्री कुशवाहा ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव ने सोची-समझी रणनीति के तहत चुनिंदा आपराधिक घटनाओं को जातीय रंग देने का काम किया है लेकिन वें शायद भूल गए हैं कि नब्बे के दशक वाले बिहार से नया वाला बिहार बिल्कुल अलग है। नए बिहार की होशियार जनता जातीय उन्माद की राजनीति को त्याग कर अब सर्वसमाज के उत्थान की राजनीति को प्राथमिकता देती है। तेजस्वी यादव को अपराध के विषय पर अपना जुबान खोलने से पहले अपने माता-पिता के कुशासन का काला इतिहास पढ़ लेना चाहिए। श्री कुशवाहा ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में 118 से अधिक जातीय नरसंहार हुए थें और सैकड़ों बेगुनाहों की जान गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 में बिहार का बागडोर संभालते ही सबसे पहले जातीय नरसंहार पर पूर्ण विराम लगाया और बिहार में शांति-सद्भाव का वातावरण स्थापित किया।

# राजद के नेताओं के मुंह से कानून की बात सुनना हास्यास्पद : राजीव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि जो राजद जंगलराज के लिए कुख्यात हो और जिसके कुशासन को याद करे के आज भी बिहारियों के रोयें खड़े हो जाते हैं, उसके युवराज के मुंह से कानून व्यवस्था पर प्रवचन सुन किसी को भी हंसी आ जायेगी। राजद के नेताओं के मुंह से कानून पर ज्ञान देना उतना ही हास्यास्पद है, जैसे पाकिस्तान भारत को शांति और अमन की सीख देता है। जनता जानती है कि दोनों ही आतंक और हिंसा के ब्रांड अम्बैसडर हैं। उन्होंने कहा कि राजद के युवराज अगर इतना जान लें कि उनके माता-पिता के राज को जंगलराज किसने और क्यों कहा था तो उनकी बोलती बंद हो जायेगी। अगर वह बयान देने के साथ-साथ थोड़ा इतिहास पढ़ना शुरू कर दें तो उन्हें पता चल जाएगा कि आज के सुशासन और उनके समय के कुशासन में क्या अंतर हैं। उन्हें पता चल जाएगा कि खौफ क्या होता है और जिसके कारण उनके राज में शाम के 6 बजे के बाद लोग घरों से निकलते तक नहीं थे। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी को पता करना चाहिए कि यह राजद का राज ही था, जिसने युवाओं की हाथों में कलम की जगह कट्टा थमा दिया था। उनके पाले रंगदारों के कारण न जाने कितनी कंपनियां बंद हो गयी। अपहरण उद्योग बन चुका था, वहीं नरसंहार और हत्या आम बात हो गयी थी। बिहार का भविष्य उनके लालटेन की तरह भुकभुका रहा था। तेजस्वी ने शायद नहीं पढ़ा हो लेकिन बिहार की जनता जानती है कि यह नीतीश सरकार ही है जिसने बिहार को उस अंधकार से बाहर निकाला है। आज खुद तेजस्वी जिस तरह से आधी रात में भी निर्भीक होकर बाहर निकल जाते हैं यह भी नीतीश सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि वास्तव में तेजस्वी यादव के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा है ही नहीं इसीलिए वह सफेद झूठ बोलने और दुष्प्रचार पर उतर आये हैं। उन्हें न तो तथ्यों का पता रहता है और न ही मुद्दों का, जो भी उनके चाटुकार उन्हें पट्टी पढ़ा देते हैं, उसपर वह बिना सोचे समझे बोल देते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार अपनी भद्द पिटवाते रहते हैं।

# मोदी-3 सरकार में एक भी मुस्लिम चेहरा का नहीं होना चिंताजनक : भाकपा माले

पटना। पटना में चल रही भाकपा-माले की दो दिवसीय केंद्रीय कमिटी की बैठक के पहले दिन लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव परिणाम पर गंभीर विचार-विमर्श चला। बैठक में पार्टी महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य, वरिष्ठ पार्टी नेता का. स्वदेश भट्टाचार्य, काराकाट से नवनिर्वाचित सांसद का. राजाराम सिंह, बिहार पार्टी सचिव कुणाल, एमएलसी शशि यादव, वी. शंकर, गीता मंडल, धीरेन्द्र झा सहित पार्टी के कई महत्वपूर्ण नेता भाग ले रहे हैं। भाकपा-माले की केंद्रीय कमिटी ने कहा कि बिहार की दो सीटों पर भाकपा-माले की जीत हिंदी पट्टी में वामपंथ के नए उभार का वाहक बनेगी। राजस्थान के सीकर में सीपीएम की जीत को भी इसी कड़ी में देखना चाहिए। इस जीत से पूरे देश में मोदी की तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र के पक्ष में चल रहे आंदोलन को नई ताकत मिलेगी। 2024 का जनादेश भाजपा के खिलाफ है, लेकिन सत्ता का बेजा इस्तेमाल करते हुए एनडीए किसी प्रकार से सरकार बनाने में सफल हुआ है। विपक्ष मुक्त लोकतंत्र बनाने की भाजपा की कुटिल चाल स्पष्ट तौर असफल हो चुकी है। इंडिया गठबंधन एक मजबूत विपक्ष के बतौर उभरा है. हालांकि 2024 के चुनाव परिणाम ने मुस्लिम विरोधी भाजपा के ध्रुवीकरण के प्रयासों को खारिज किया है, विशेष तौर पर यूपी में, लेकिन जो चीज अभी भी कायम है, वह है भाजपा और एनडीए का अल्पसंख्यक विरोध। न केवल भाजपा बल्कि पूरे एनडीए से एक भी मुस्लिम, ईसाई या सिख सांसद नहीं है।मोदी-3 सरकार में एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं है। भाजपा के खिलाफ जो व्यापक लहर थी, उसमें भाजपा व एनडीए को और भी बड़ा झटका लगना चाहिए था। करीब 30 सीटों पर उसे बेहद कम अंतर से जीत मिली है। इनमें मतगणना में गड़बड़ी से इंकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर चुनाव में कड़ी टक्कर रही। बिहार में लड़ी गई तीन सीटों पर माले ने 2 पर जीत हासिल की है, जबकि पार्टी ने अपनी समीक्षा में कहा है कि नालंदा में हार के बावजूद पार्टी को जनता के प्रत्येक हिस्से का जबरदस्त समर्थन मिला और पार्टी की साख बढ़ी है। बिहार के चुनाव परिणाम को लेकर इंडिया गठबंधन को भी तत्काल समीक्षा बैठक बुलानी चाहिए।

# पूर्व विधायक शंकर सिंह ने लोजपा रामविलास से दिया इस्तीफा

पटना। बिहार के पूर्णिया जिले के रूपौली विधानसभा उपचुनाव के तिथि का ऐलान हो चुका है। वहीं अब एनडीए और महागठबंधन से कौन उम्मीदवार बनेंगे इसका मंथन दोनों पार्टियों में जारी है। इसी बीच लोजपा(रा) के चीफ चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। चिराग के पार्टी के नेता और रूपौली के पूर्व विधायक शंकर सिंह ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। शंकर सिंह के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को चिठ्ठी लिख इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि, मैं लोजपा का स्थापना काल से ही पार्टी में निष्ठापूर्वक काम कर रहा हूँ। पार्टी का जब जो निर्णय हुआ मजबूती से उस निर्णय के साथ खड़ा रहा हूँ। पार्टी के द्वारा 2005 में मुझे रूपौली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया और मजबूती से चुनाव लड़कर चुनाव जीतने का काम किया। आगे कहा कि, कुछ कारणवश सरकार नहीं बनने के कारण फिर से चुनाव हुआ, जबकि चुनाव जीतने के बाद कई प्रलोभन दिया गया, लेकिन मैं पार्टी के सिद्धांत पर रहकर उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व० रामविलास पासवान के विचारधारा के साथ खड़ा रहा। फिर पुनः 2010, 2015 और 2020 में पार्टी द्वारा चुनाव लड़ाया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–खुली निविदा सूचना सं.–एस–टी/सोन/ ई–खुली निविदा/24–25/18 दिनांक : 13.06.2024. मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 04.07.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट – www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

1. ई–निविदा सं. : एस&टी/सोन./ई–खुली निविदा/24–25/18. 2. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : सोनपुर डिवीजन– मानसी यार्ड में दोहरी पहचान के साथ मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान। 3. अनुमानित लागत (रू. में) : ₹1,36,35,977.12, 4. बयाने की राशि (रू. में) : ₹2,18,200.00, 5. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) : ₹0.00, 6. समापन अवधि : एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 06 (छः) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 13.06.2024 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (सिग. एवं दू. इंजी.)/ पूमरे/सोनपुर

पीआर/00486/एसईई/सि./टी/24–25/40



सम्पादकीय

## आशावाद भी गायब

जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर हो, वहां कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुवैत में विदेशी मजदूरों के एक रहवास में हुए भयंकर अग्निकांड में मरे 49 लोगों में तकरीबन 40 भारतीय हैं। उधर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में भाड़े के सैनिक के तौर पर गए दो और भारतीयों की मौत हो गई है। ये भारतीय उन 30 लोगों से अलग हैं, जिनके परिजनों ने भारत सरकार से संपर्क किया था। मतलब यह कि रूस की तरफ से लडे के लिए जिन भारतीयों को बहला-फुसला कर ले जा गया गया, उनकी संख्या उससे कहीं अधिक है, जिसकी जानकारी भारत सरकार और भारत के आम लोगों को रही है। यह खबर तो पहले से बहुचर्चित है कि भारत सरकार ने खुद अपने प्रयास से सैकड़ों देशवासियों को युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी करने के लिए भेजा।तो मन में पहली नजर में भाव यह उभरता है कि त्रासदी कहीं हो, उससे भारतीयों का कोई ना कोई संबंध निकल आता है। आखिर देश में अवसरों की इतनी कमी और उससे उत्पन्न निराशा इतनी व्यापक क्यों है कि देशवासी कहीं भी जाकर अपनी जान खतरे में डालने के लिए तैयार हो जाते हैं? हम कुछ आंकड़ों पर गौर करें, तो इस बारे में कुछ संकेत पा सकते हैं। मसलन, जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर चल रही हो, वहां आम जन की कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुल आलाम यह है कि सर्वे एजेंसी गैलप के एक विश्वव्यापी आकलन में सामने आया कि भारत में सिर्फ 14 फीसदी कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को खुशहाल श्रेणी में रखा। बाकी 86 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी हालत को संघर्षरत या पीड़ादायक बताया। जबकि अपने को खुशहाल बताने वाले कर्मचारियों का वैश्विक औसत 34 प्रतिशत था। शासक तबकों और उनके संचार माध्यमों की तरफ से इस जमीनी सूरत पर परदा डालने के सुनियोजित अभियान लगातार चलाए जाते हैं। मगर उनसे संकट अब छिपाये नहीं छिप रहा है। अब हाल यह है कि अक्सर चुनावों के बाद दिखने वाला आशावाद भी इस बार गायब ही रहा है।

## अहम मंत्रालय है पंचायती राज

संजय गोस्वामी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा कर दिया गया है. विपक्षी दलो द्वारा ये कहा गया कि बीजेपी ने अपने सहयोगी दलो को बेकार मंत्रालय दे दिया है मोदी कैबिनेट मेंशामिल बिहार के 8 मंत्रियों के बीच भी मंत्रालय का बंटवारा किया गया है. बिहार से 4 केंद्रीय मंत्रियों और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को मंत्रालय दिया गया है. बिहार के सांसदों के बीच मंत्रालय के बंटवारे पर दिल्ली से पटना पहुंचे तेजस्वी यादव ने तंज कसा है. तेजस्वी यादव ने कहा कि इन सभी को झुनझुना थमा दिया गया है.लेकिन जब हमने देखा तो एक मंत्रालय जो एनडीए में जद-यू के सांसद श्री ललन सिंह को दिया गया है वो अहम मंत्रालय है जो है पंचायती राज मंत्रालय, महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उनका मानना था कि जब पंचायती राज पूरी तरह स्थापित हो जाएगा तो जनमत के जरिए वह सब कुछ किया जा सकेगा जो हिंसा से कभी संभव नहीं है। वह निश्चित रूप से स्वराज की ओर इशारा कर रहे थे। भारत में पंचायती राज व्यवस्था प्राचीन काल से चली आ रही है जिसका स्वरूप और नाम पहले कुछ और रहा होगा जो समय के साथ नए रूप और नाम से जाना जाने लगा। ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक माना जाता है। वर्ष 1882 में उन्होंने स्थानीय स्वशासन के संबंध में एक प्रस्ताव दिया था। 1919 के भारत शासन अधिनियम के अंतर्गत प्रान्तों में दोहर शासन की व्यवस्था की गई तथा स्थानीय स्वशासन को हस्तान्तरित की सूची में रखा गया। भारत जैसे विशाल देश में सार्वजनिक व्यवस्था की ग्रामीण स्तर की समस्याओं को शिखर पर लाने के लिए स्वतंत्रता के पश्चात वर्ष 1957 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम का अध्ययन करने के लिए वर्तमान नीति आयोग द्वारा बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया और नवंबर 1957 में समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की सिफारिश की गई जिसे पंचायती राज कहा गया और इसके लिए समिति ने ग्राम स्तर, मध्यवर्ती स्तर और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया यानि पहले स्तर पर ग्राम स्तरीय पंचायत, दूसरे स्तर पर ब्लॉक स्तरीय पंचायत तथा तीसरे स्तर पर जिला स्तरीय पंचायती व्यवस्था। बताया गया कि पूर्व सांसद जवाहरलाल नेहरू पंचायती राज के संस्थापक थे। इस योजना की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले के बागधारी गांव में की थी गांधी जी पंचायती राज के माध्यम से ग्राम स्वराज चाहते थे, इस व्यवस्था में 1992 में 73वें संविधान संशोधन के साथ संशोधन किया गया। इसके बाद अन्य राज्यों में भी यह पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 40 राज्यों को पंचायतों के गठन का निर्देश देता है। 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 दिनांक 24 अप्रैल 1993 के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया। जिसमें कई प्रावधान किए गए हैं। त्रिस्तरीय ढांचे की स्थापना, ग्राम स्तर पर ग्राम सभा की स्थापना, पांच वर्ष में पंचायतों का नियमित चुनाव, अनुसूचित जाति व जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सीटों का आरक्षण, महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण, पंचायतों के कोष में सुधार के उपाय सुझाने के लिए राज्य वित्त आयोग, राज्य चुनाव आयोग का गठन, अन्य आर्थिक विकास व सामाजिक न्याय के लिए योजनाओं की तैयारी व क्रियान्वयन आदि। इस संशोधन में जमीनी स्तर पर जन संसद के रूप में सशक्त ग्राम सभा की परिकल्पना की गई, जिसके प्रति ग्राम पंचायत जवाबदेह होगी। इस कानून के तहत पंचायतों के गांवों में विकास की एक नई दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। 24 अप्रैल को लागू हुए 73वें संशोधन अधिनियम को वर्ष 2010 से राष्ट्रीय पंचायत दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जिसे पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। आज भारत 24 अप्रैल 2024 को 14वां राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाने जा रहा है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस जिसे पंचायती राज दिवस के रूप में भी जाना जाता है, वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा घोषित किया गया था। तब से, भारत में हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है और यह दिन वर्ष 1992 में संविधान के लागू होने का प्रतीक है। भारत में 255780 ग्राम पंचायतें, 6834 ब्लॉक पंचायतें और 660 जिला पंचायतें, कुल 263274 पंचायतें हैं इस दिन पंचायती राज मंत्रालय देशभर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली पंचायतों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत करता है। ये पुरस्कार अलग-अलग श्रेणियों जैसे दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार, नानाजी देशमुख राष्ट्रीय ग्रामीण ग्राम सभा पुरस्कार, बाल सुलभ ग्राम पंचायत पुरस्कार, ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार के तहत दिए जाते हैं और ये पुरस्कार सिर्फ राज्यों के संघ को ही दिए जाते हैं।ऐसा नहीं है।पंचायत राज व्यवस्था में सफलता हासिल करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के उपाय किए जाने चाहिए ताकि पंचायत राज व्यवस्था मजबूत हो सके और यह अपने ग्रामीण लोगों को बेहतर सुविधाएं देने में सक्षम हो सके ताकि पंचायत राज संस्थाएं मजबूत बनें और स्थानीय स्वशासन के रूप में काम कर सकें। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की एक शाखा है जो राज्यों में विकेंद्रीकरण और स्थानीय शासन की चल रही प्रक्रिया की देखभाल करती है।संघ में सरकार की शक्तियाँ और कार्य दो सरकारों के बीच विभाजित होते हैं। भारत में यह केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें हैं। हालाँकि, 1993 में भारतीय संविधान के 73वें और 74वें संशोधन अधिनियम के पारित होने के साथ ही शक्तियों और कार्यों का विभाजन स्थानीय स्वशासन (गाँव स्तर पर पंचायत और कस्बों और बड़े शहरों में नगर पालिकाएँ और नगर निगम) तक पहुँच गया है।इस प्रकार भारत में अब संघीय व्यवस्था में दो नहीं बल्कि तीन स्तरीय सरकारें हैं। पंचायती राज मंत्रालय पंचायती राज और इसकी संस्थाओं से संबंधित सभी मामलों की देखरेख करता है, जिसकी स्थापना मई 2004 में हुई थी और वर्तमान में मंत्री श्री ललन सिंह इसके अध्यक्ष हैं। यह जीपीडीपी तैयारी, जीवंत ग्राम सभा, ई-ग्राम स्वराज जैसी विभिन्न पहलों के लिए जिम्मेदार है, जिसका उद्देश्य विकेंद्रीकृत नियोजन मँ पारदर्शिता को बढ़ावा देना और स्थानीय सरकारों के प्रदर्शन में सुधार करना है। मंत्रालय क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण प्रबंधन और पुरस्कारों के माध्यम से असाधारण पंचायतों को मान्यता देने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

## अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी

कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39, 000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84, 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है।






प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39, 000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है।

सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84, 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है। पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है।

## पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं

इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा।फादर्स डे 2024 की थीम सेलिब्रेटिंग फादरहुड : स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है।दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है।हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है।पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं।और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं।आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है।माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है।पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए।केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।





ललित गर्ग
लेखक शिक्षाविद है

किसी के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दशार्ने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।

हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें। प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते।

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की।

एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं।

पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

## विधायकों के लिये नये निवास: पर किस कीमत पर

एल.एस. हरदेनिया

इस समय मध्यप्रदेश में मंत्रियों तथा विधायकों के निवास को लेकर विवाद चल रहा है। शासन इनके लिये नये बंगलों के निर्माण की योजना बना रहा है। इन बंगलों के निर्माण के लिये जितनी भूमि की आवश्यकता है उसे प्राप्त करने के लिये हजारों पेड़ काटे जायेंगे। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों के काटे जाने से भोपाल की जलवायु भी प्रभावित होगी। 1956 में जब भोपाल को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाया गया था उस समय भोपाल एक अत्यधिक ठंडा स्थान था। उस समय यदि हम लोग खुले में सोते थे तो हमें रजाईयां ओढ़ना पड़ता था। परंतु धीरे-धीरे स्थिति बदलती गई। भारी संख्या में पेड़ काटे जाने लगे, खेती के जमीन पर निर्माण होने लगा। भोपाल कांक्रीट का जंगल होता गया। शहर में हजारों की संख्या में एयरकंडीशनर लगाये जाने लगे। प्रश्न यह है कि क्या विधायकों के लिए भोपाल में अतिरिक्त निवासों की आवश्यकता है? और यदि है भी तो उसके लिए जमीन प्राप्त करने हेतु क्या हजारों पेड़ काटने की आवश्यकता है? जब भोपाल राजधानी बना था, उस समय भोपाल के विधानसभा की सदस्य संख्या 320 थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 90 सदस्य छत्तीसगढ़ में शामिल कर लिये गये। इस तरह 90 निवास खाली हो गये। फिर प्रश्न यह है कि क्या राजधानी में विधायकों के लिए स्थायी निवास उपलब्ध करना आवश्यक है? इस समय स्थिति यह है कि विधानसभा का सत्र बहुत ही कम समय के लिए आयोजित किया जाता है। कभी-कभी 3 और 4 दिन के अंदर ही विधानसभा का सत्रावास हो जाता है। इस तरह विधायकों को वर्ष में 8-10 दिन से ज्यादा भोपाल में रहने की आवश्यकता नहीं होती। एक समय था जब भोपाल में विधायकों का तीसरा विश्राम गृह सिर्फ विधायकों के मेहमानों को ठहराने के लिए उपयोग किया जाता था। कई राज्यों में तो वर्षों तक विधायकों के निवास, यदि सत्र नहीं होता था तो उनका उपयोग लगभग होटल की तरह किया जाता था। हमें याद है कि हम लोग जब बंबई जाते थे तो कई बार हमें विधायकों के खाली निवास पर ठहराया जाता था। उसका किराया भी लिया जाता था। ज्ञात नहीं है परंतु हो सकता है कि इस तरह की व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में भी होती हो। दुनिया का सबसे पुराना प्रजातंत्र ब्रिटेन का है। वहां दो सदन हैं, एक हॉउस ऑफ लार्ड और दूसरा हाउस ऑफ कामन्स। इनके सदस्यों को लंदन में ठहरने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। जब सत्र होता है तो इन दोनों सदनों के सदस्य या तो होटल में ठहरते हैं या किसी के घर में किराया देकर ठहरते हैं। व्यवस्था ऐसी भी है कि यदि किसी सदस्य को मकान मालिक को किराया देना पड़ता है तो उसे उतने ही दिन का किराया देना पड़ता है जितने दिन इन सदनों की बैठक होती है। उसका प्रमाण पत्र सदस्यों को अपने सदन के सचिवालय से प्राप्त करना पड़ता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 16 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पुराने विवाद में एक युवक के साथ हुई मारपीट

जमुई [ झाझा ] पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ गांव के कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के बलियाडीह गांव का है। घायल युवक की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में हुई जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सक ने घायल युवक का इलाज किया लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उसे डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल ने बताया कि गांव के ही राजीव यादव से पुराना झगड़ा था उसी को लेकर राजीव, उसकी पत्नी और उसके छोटे भाई की पत्नी ने मेरे साथ मारपीट करते हुए लाठी से प्रहार कर मुझको घायल करते हुए एक पैर तोड़ दिया। मारपीट की सूचना घायल के परिजनों ने पुलिस को भी दिया।

### लू लगने से बचाव को लेकर लोगों के बीच किया गया ओआरएस पाउडर का वितरण

जमुई [ झाझा ] भीषण गर्मी में लू लगने की लगातार आ रहे मामलें को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग जमुई के वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार लोगों के बीच ओआरएस पाउडर का वितरण और उनके बीच लू से बचने को लेकर जागरूकता संदेश देने को लेकर रेफरल अस्पताल के पदाधिकारी तत्परता से कार्य करने में जुट गए है। इसको लेकर आशाकर्मी को जगह जगह नियुक्त कर लोगों के बीच ओआरएस पाउडर का वितरण करवाया गया। बीसीएम पंकज कुमार ने बताया कि आशाकर्मी को ओआरएस पाउडर दिया गया और लोगों के बीच चाहे वह बुर्जुगए युवाए बच्चेए महिला सभी लोगों को ओआरएस पाउडर वितरण करने के लिए कहा गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉण अरूण कुमार सिंहए अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमारए स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र ने बताया कि इस भीषण गर्मी में लोग लू से बचे इसके लिए लोग कड़ी धूप में बिना काम का न निकलेए घर से निकलते वक्त छाताए गमछा आदि से मुंह को अच्छी से ढक ले। खाली पेट न रहेए पानी का सेवन अधिक करे इन सभी चीजों का पालन करना हर लोगों को है ताकि वे भीषण गर्मी में लू लगने से बच सके। लोगों के बीच ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। जिसके सेवन से शरीर में पानी की कमी से बचा जा सकता है।

### मनुष्य का सेवा ही परम धर्म : डॉ. विक्रम सिंह

आलमनगर (मधेपुरा)। नगर पंचायत स्थित डॉ. विक्रम सिंह के निज आवास पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अमर शहीद दादा सुखदेव सिंह गोगामेडी जी के याद में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह के द्वारा तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। वही इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि दांत संबंधी जितनी भी समस्या है उसका निशुल्क निदान किया जा रहा है। 14 जून से 16 जून तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। वही इस दौरान डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मनुष्य का सेवा ही परम धर्म है। करणी सेना परिवार हर आपदा से लेकर हर समस्या में खडा उतरने का काम कर रहा है। इस दौरान श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के डॉ. आलोक कुमार बीडीएस ने बताया कि दांत संबंधी किसी भी प्रकार का परेशानी हो तो मुफ्त में इलाज कर सकते हैं।

### बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक.

लहलादपुरः ईद उल अजहा यानि बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक थानाध्यक्ष प्रीति राज की अध्यक्षता में हुई. बैठक के सम्बोधन में कहा गया कि अमन-चैन एवं शांति के साथ बकरीद का त्यौहार मनायें तथा दूसरे के भावनाओं का ख्याल रखें, उनका सम्मान करें. समाज के सभी लोग आपस में मिलजुल कर प्रेम के साथ ऐसे त्यौहार को मनाएं कि किसी को कोई तकलीफ या ठेस ना पहुँचे. अफवाहों पर ध्यान न दें. अफवाह फैलाने वालों तथा असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

### बालू मक्खी के खात्मे के लिए नियमित हो दवा का छिड़कावः डीभीबीडीसीओ

मोतिहारी। जिले में कालाजार उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे आईआरएस छिड़काव कार्य की निगरानी भीडीसीओ व अन्य अधिकारियों के द्वारा की जा रहीं है। उचित मात्रा एवं सही तरीके से कर्मी दवा का छिड़काव करें। ताकि कालाजार के वाहक बालू मक्खी समूल नष्ट हो सके। डीभीबीडीसीओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के 23 प्रखंडों में कुल 01 लाख 83 हजार घरों में छिड़काव दल द्वारा दवा का छिड़काव किया जा रहा है। भीडीसीओ धर्मेद्र कुमार, सत्यनारायण उरांव, गौतम कुमार ने सुगौली, मधुबनी घाट, पकड़ीदयाल, तुरकौलिया व अन्य प्रखंड क्षेत्र में जाकर निरीक्षण के क्रम में आईआरएस छिड़काव दल के सदस्यों, ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए, घर-घर जाकर ग्रामीणों को घरों में ठीक ढंग से छिड़काव कराने को प्रेरित किया।

# गंगा दशहरा एवं निर्जला एकादशी में देवधाट विष्णु पद मंदिर में पुरी व्यवस्था कराएं नगर आयुक्त : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।निर्जला एकादशी 17-18 जून को मनाया जाएगा ।इस अवसर पर 17 जून के दोपहर से अत्यधिक भीड़ होने की संभावना है। 17 जून को दोपहर से दूर दराज से श्रद्धालुओं आने लगते हैं जो रात्रि विश्राम भी मंदिर परिसर या घाट पर ही करते है 18 जून के प्रातः काल से ही श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर एवं देवघाट में पूजा-अर्चना करते हुए अपने घर वापस लौटने लगते हैं। विष्णुपद मंदिर के पुरोहितों ने बताया कि 17 जून सुबह 9:00 बजे से ही दूरदराज से लोग निर्जला एकादशी के अवसर पर विष्णुपद मंदिर आते हैं। रात्रि में विष्णुपद मंदिर बंद नहीं होगा। अर्थात रात्रि 11 बजे मंदिर बंद होता है और सुबह 03 बजे मंदिर का पट खुल जाता है। आम श्रद्धालु कल सुबह से लेकर रात्रि तक विष्णुपद मंदिर के आसपास तथा देवघाट में ही विश्राम करते हैं। तत्पश्चात अगले दिन मंगल आरती सुबह 5:00 बजे करके वह अपने घर वापसी होते हैं। जिला पदाधिकारी ने अत्यधिक भीड़ होने के दृष्टिकोण से लोगों की सुविधा के लिए एक अतिरिक्त कुंड बनाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता रब्बर डैम को दिया है। लोगों के सहूलियत के लिए पहले से ही 1 कुंड बनाई जा चुकी है। देवघाट पर लगाए गए सभी महिला एवं पुरुष अलग-अलग सभी स्नानागार वाले झरना को चालू करवा दिया गया है। आम आम श्रद्धालु आराम से स्नानागार का प्रयोग करते हुए पूजा-अर्चना करेंगे। विष्णुपद देवघाट में 38 पुरुष टॉयलेट, 30 महिला टॉयलेट, तीन स्नानागार एवं 50 चेंजिंग रूम है। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिए हैं इसके साथ ही साफ-सफाई की पूरी मुकम्मल व्यवस्था कराने का निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि आउटसोर्सिंग ऐजेंसी के साथ साथ निगम के सफाई कर्मी भी दो पाली में लगातार सफाई करेंगे। इसके अलावा लगातार फोगिंग मशीन अर्थात स्प्रिंगल मशीन से श्रद्धालुओं को लगातार पानी छिड़काव होता रहेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विष्णुपद मंदिर के साथ-साथ देवघाट गजाधर घाट इत्यादि घाटों पर दिन के साथ-साथ रात्रि में भी पुलिस की उपस्थिति रहे, इसे अपर पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करवाये। उन्होंने कहा कि कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिया कि विष्णुपद क्षेत्र में अगले 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करावे। देवघाट पर एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया साथ ही पर्याप्त संख्या में आवश्यक दवाओं के साथ-साथ ओआरएस भी रखने का निर्देश दिए हैं। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को पेयजल की समस्या ना हो, इसके लिए विष्णुपद क्षेत्र के तीन अलग-अलग पॉइंट को चिन्हित करते हुए वहां टैंकर की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ सुधा डेहरी की ओर से शुद्ध ठंडा पेयजल टैंकर का भी व्यवस्था रहेगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि रात्रि में श्रद्धालु विष्णुपद के क्षेत्र में ही प्रवास करेंगे इसे ध्यान में रखते हुए रात्रि में भी टैंकर में पानी रिफलिंग करने की व्यवस्था रखें जिससे पानी जैसे ही खत्म हो तुरंत टैंकर में पानी डाला जा सके ।डीएम ने बुडको के अभियंता को निर्देश दिया कि नए सिरे से अब कोई सड़क नही काँटे, जबतक आरसीडी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा एन ओ सी नही दिया जाए, तब तक नही काटे। डीएम ने कार्यपालक अभियंता आर सी डी को निर्देश दिया कि काटी गई सड़को को तेजी से रिस्टोर एव मरामती करवाये। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त गया नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बुडको के अभियंतागण, नगर निगम के पदाधिकारी गण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। मांझी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एकडेंगवा गांव के समीप एक बगीचे में छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि मौके का लाभ उठाकर चार अन्य अपराधी भाग निकले। गिरफ्तार अपराधी झखड़ा गांव निवासी स्व. शम्भूनाथ सिंह का पुत्र आकाश सिंह बताया जाता है। मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मैं एसआई अखिलेश कुमार, सिपाही रामसुजान सिंह, सुजीत कुमार व श्रवण कुमार यादव के साथ अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निकला था। जब ताजपुर चेकपोस्ट पर पहुंचा तो तभी गुप्त सूचना मिली कि एकडेंगवा गांव स्थित एक शीशम के बगीचा में मोटरसाइकिल लगा कर पांच लोग अवैध हथियार के साथ बैठकर कहीं लूटपाट की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन व अपने वरीय पदाधिकारी को अवगत



कराने के बाद हमने अपनी टीम के साथ एकडेंगवा गांव पहुंच कर उक्त बगीचे में छापेमारी कर दी। पुलिस के पहुंचते हीं चार लोग गांव में कहीं छिप गए। जबकि भागने का प्रयास करते आकाश सिंह को पुलिस ने दबोच लिया। जब पुलिस ने आकाश की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक लोहे का फाइटर व मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं मौके से पुलिस ने उनकी दो बाइक को भी जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने दबोचे गए आकाश से पूछताछ के क्रम में फरार हुए अपराधियों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आकाश सिंह को जेल भेजने की तैयारी कर रही थी।

# शहीद पवन का शव पहुंचा पैतृक गांव, उमड़ा जनसैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा)। देश सेवा में शहीद घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत के वार्ड नंबर 8 पथराहा गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव उर्फ कोको के पुत्र भारतीय सेना के जवान शहीद हवलदार पवन कुमार (38) का शव शनिवार की शाम लगभग पांच बजे के करीब उनके पैतृक घर पहुंचा। इस दौरान अंतिम विदाई देने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहीद को गार्ड आफ आनर देकर सम्मान दिया गया। लोगों के दर्शनार्थ शहीद का शव रख दिया गया। इसके बाद शव से लिपटकर शहीद की पत्नी आशा देवी व चार बच्चे रो रहे थे।

पिता बिंदेश्वरी यादव के आंसुओं की धार नहीं रूक रहीं थी। सामने जवान बेटे के शव देखकर उनका कलेजा फटा जा रहा था। जम्मू कश्मीर के रजौरी जिला अंतर्गत नौशेरा में तैनात हवलदार पवन कुमार की पेट्रोलिंग करने के दौरान गाड़ी 70 फीट खाई में गिरने से मौत हो गई थी। 2005 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे



और वे जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा 12 महार रेजीमेंट में हवलदार पोस्ट पर पोस्टेड थे। नौशेरा में ढ़ाई साल से तैनाती थी। जम्मू कश्मीर में तैनात शहीद पवन के बड़े भाई हवलदार रामदेव कुमार को कंपनी कमांडर की तरफ से शहीद होने की सूचना दी गई थी। जम्मू कश्मीर से सीधे शहीद का शव पटना हवाई अड्डा पर पहुंचा था। जहां पटना पहुंचते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई मंत्री शहीद को अंतिम दर्शन करते हुए सलामी दिए। वहां से उनका शव पैतृक गांव पथराहा के लिए रवाना हुआ। शव पहुंचने से पहले ही एडीएम, एएसपी, वीडियो,सीओ,ओपी अध्यक्ष कई आला अफसरों सहित भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे थे। शव के घर पहुंचने पर पुलिस एवं सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ सलामी दी। सभी लोगों सहित नेताओं ने तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र रख कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने नम आंखों से पुष्प चढ़ाकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पति के शव देख पत्नी हो गई बेहोशः** पति का शव देखते ही उनकी पत्नी आशा देवी बेहोश हो गई। तीन दिन पूर्व शहीद होने की सूचना पर रोते-रोते पत्नी बेसुध पड़ गई थी। भाई- भाभी सहित पिता बिंदेश्वरी यादव का भी बुरा हाल था। शहीद पवन के बड़े भाई हवलदार रामदेव कुमार ने कहा कि मुझे बहुत दुख हो रहा है कि मेरा छोटा भाई पवन शहीद हो गया। उनकी पत्न ी को सरकारी नौकरी दिया जाए और बच्चों की बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा की सेना की नौकरी बहुत ही सम्मान की नौकरी है। देश के लिए शहीद होना बहुत ही गर्व की बात है उन्होंने पथराहा चौक का नाम शहीद पवन चौक करने की भी मांग की है। वहीं शहीद के पत्नी आशा देवी ने कहा कि मेरे पति पवन कुमार ने देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी है। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले उनसे मेरी बात हुई थी। पवन ने कहा था कि इसी महीने हम घर आएंगे। उन्होंने कहा कि अब उनके बच्चों का भरण पोषण कैसे होगा। परिवार में वह अकेले कमाने वाले थे। उनके परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है।

**3 किलोमीटर तक शव यात्रा में चल रहे थे लोगः** शहीद के शव के साथ एक किलोमीटर लंबी शव यात्रा में लोग चल रहे थे। प्रखंड क्षेत्र के कई युवा जो सेना की तैयारी कर रहे हैं सभी युवा मिलकर व आसपास के कई गांवों के लोग एवं प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों भी पैदल शहीद के शव वाहन के पीछे लगभग 3 किमी दूर पथराहा पहुंचे। शहीद का दाह संस्कार उनके पैतृक गांव में ही किया गया। यहां शहीद के बड़े पुत्र ने अपने शहीद पिता को मुखाग्नि दी।


# बकरीद की तैयारी शुरू जमकर हो रही है खरीदारी

जमुई/गिद्धौर। त्याग व कुबार्नी वाला त्योहार ईद-उल-अजहा(बकरीद) का त्यौहार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा तैयारी शुरू कर दी है। मुस्लिम समुदाय के धर्म ग्रंथ के जानकार ने बताया कि त्याग व कुबार्नी वाला त्यौहार ईद उल अजहा बकरीद का चांद शुक्रवार को देखा गया है ।वहीं बकरीद पर्व उर्दू की तारीख 10 जिलहिज्जा 17 जून को मनाई जाएगी ।जबकि कुबार्नी का सिलसिला 3 दिनों तक चलेगा। वहीं, बकरीद पर्व को लेकर कुबार्नी देने वाले की अकीदतमंद लोग कुबार्नी के लिए एक से एक खूबसूरत व तंदुरुस्त बकरों की खरीदारी में जुट चुके हैं। बकरों की खरीदारी गांव से लेकर शहर क्षेत्रीय मवेशी हाट बाजार आदि जगहों से बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। वही,कुबार्नी पर्व के मद्देनजर बकरों का भाव आसमान चढ़ गया है। कुबार्नी देने वाली अकीदतमंद लोगों ने बताया कि गत वर्ष के वनिस्पत इस वर्ष बकरों का भाव तेज हो गया है। बावजूद इसके कुबार्नी की नियत रखने वाले लोग महंगाई को धत्ता बताते हुए एक से एक तंदुरुस्त व खूबसूरत बकरों की खरीदारी में जुट चुके हैं।

# बकरीद के अवसर पर जिले में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने को ले हुआ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। बकरीद (ईद-उल-जुहा) के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ कला भवन, मधेपुरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति 16 जून के अपराह्न से लेकर 20 जून तक निर्धारित की गई है। बकरीद पर्व के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए अनुमंडल मधेपुरा में कुल 106 तथा अनुमंडल उदाकिशुनगंज में कुल 83 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है जो निरंतर नजर बनाये रखेंगे ताकि इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा सके। सभी को संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सचेत रहकर सतर्कता और सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया आदि पर चलने वाली अफवाहों पर विशेष निगरानी रखने का



निर्देश दिया गया। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति कर संवेदनशील स्थलों से संबंधित सूचना संग्रहित कर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया। सभी को निर्देश दिया गया कि इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता नहीं बरतेंगे तथा थानावार निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित कर लेंगे। सभी को विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों एवं अंचलाधिकारियों को शांति समिति की बैठक करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया।

# बकरीद पर्व पर विशेष निगरानी एवं सफाई व्यवस्था के लिए नगर आयुक्त को निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गय ।जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी गया तथा वरीय पुलिस अधीक्षक गया द्वारा शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे जिले में ईद उल जोहा बकरीद को प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में मनाने एवं बकरीद की नमाज अदा के दौरान सभी सदस्य फील्ड में रहते हुए लोगों को आपसी भाईचारे के रूप में उत्साहपूर्वक मनाने हेतु प्रेरित करें। जिला पदाधिकारी तथा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलावासियों को बकरीद पर्व पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए लोगों से अपील किया गया कि इस त्योहार को उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनावे ।शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी काफी बढ़ गई है, जो अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते रहे कि अच्छे माहौल में बकरीद पर्व मनावे। जिलावासियों से तथा शांति समिति के सदस्यों से जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अनुरोध किया कि वह सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद,अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह खंडन करते हुए मैसेज को भेजने वाले अथवा फॉरवर्ड करने वाले व्यक्ति या ग्रुप एडमिन के विरुद्ध संबंधित थाने को त्वरित रूप से सूचित करेंगे। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के बारे में नजदीकी थाने एवं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निदेश दिया।* उन्होंने कहा कि साइबर सेनानियों तथा साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर काफी बखूबी से नजर बनाए हुए बैठी हैं। कहीं भी कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर उन्हें चिन्हित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तर, अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर गहन समीक्षा की जा रही है तथा ऐसे असामाजिक तत्वों पर त्वरित गति से कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे संवेदनशील स्थलों का मुआयना करते हुए विशेष नजर रखेंगे।* अनुमंडल स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करेंगे। किसी प्रकार की घटना होने पर स्वयं घटनास्थल के लिए बिना समय गवाएं प्रस्थान करेंगे तथा वरीय पदाधिकारियों को तत्काल सूचित करेंगे। गया नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बकरीद पर्व के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बकरीद पर्व के दिल अर्ली मॉर्निंग सुबह 3:00 बजे से ही निरंतर पानी सप्लाई चालू करें। जल परिषद के अभियंता को निर्देश दिया कि आज की बैठक में मांग किए जाने वाले टैंकर को उस क्षेत्र में हर हाल में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सफाई प्रभारी गया नगर निगम को निर्देश दिया कि बकरीद के दिन किस रूट में कितनी संख्या में कितने बजे ट्रैक्टर के माध्यम से तथा अन्य बंद नुमा वाहन से वेस्ट मटेरियल का उठाव होगा इसके लिए अभी से ही कार्य योजना बना ले और उसी लाइन लिस्ट के अनुसार सफाई व्यवस्था रखें। सभी सफाई जमादारो को पूरी तत्परता से साफ सफाई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें। डीएम ने नगर आयुक्त को कहा कि गांधी मैदान, कर्बला सहित सभी मस्जिदों एव मदरसा के समीप सफाई की पूरी व्यवस्था करवाये। इसके अलावा गांधी मैदान में पढ़े जाने वाले नवाज को लेकर स्प्रिंगल मशीन से पानी का छिड़काव करवाने को कहा है। इसके अलावा चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पानी टैंकर उपलब्ध करवाने को कहा है। गर्मी को देखते हुए पानी की कही कोई कमी नही रहे, इसे जरूर देखें और जरूरत पड़ने पर पीएचडी के पदाधिकारियों से समन्वय कर उनसे भी मदद लेते हुए पानी की पूरी उपलब्धता रखे ।नगर आयुक्त ने बताया कि गया नगर निगम क्षेत्र के कुल 22 वार्ड चिन्हित हुए हैं। जहाँ पर बकरीद पर्व आयोजित हो रही है। इसके लिये माइक्रोप्लान तैयार कर ली गयी है, उसी अनुरूप सफाई एव कुबार्नी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव एव डिस्पोज की पूरी तैयारी का योजना बनाया गया है। 70 की संख्या में कवार गाड़ी को लगाया गया है जो सड़को, गलियों, मोहल्लों से कुबार्नी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव कर सकेगी, उठाव के बाद नैली डंपिंग यार्ड में विशेष रूप से गढ़े बनाये गए हैं, जहां डिस्पोज किया जाएगा। इस बैठक में बताया गया कि बकरीद पर्व के अवसर पर पहली नवाज सुबह 05:30 बजे नादरागंज से प्रारंभ होगी। जो अंतिम नवाज सुबह 10 बजे कर्बला में होगी।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थलों में अनिवार्य रूप से फ्लैग मार्च करवाये। अपने क्षेत्र में पूरी नजर बनाए रखे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने तथा आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों वाले व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार मोटरसाइकिल से भी पुलिस गश्ती दल निगरानी करेगी।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरसंडा के शिक्षक का आकस्मिक निधन, परिजनों में मातम

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरसंडा के कार्यरत शिक्षक 50 वर्षीय रोहित कुमार का शुक्रवार रात्रि में सोये अवस्था में आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों में मातम का माहौल है,वहीं प्रखंड के शिक्षकों में शोक। वहीं इनकी निधन की सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित विभाग को दी गई, उनके निधन की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एवं शिक्षक परिवार उनके घर पर पहुंच कर इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढाढंस बंधाया। इनके भरा पूरा परिवार में अपने पीछे पत्नी, सहित एक पुत्र, एक पुत्री एवं माता सहित पूरा परिवार छोड़ गए। वहीं अलीगंज के जनप्रतिनिधि सहित लोगों ने बताया की मृतक शिक्षक बहुत ही सरल स्वभाव,मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्ति थे ।मृतक शिक्षक रोहित कुमार ग्राम चेवाडा जिला शेखपुरा के निवासी थे जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरसंडा में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। मृतक शिक्षक अलीगंज मानपुर रोड में किराये के मकान में रहते थे,वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से शिक्षा का ज्ञान छात्र छात्राओं को देते थे।,उनके निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यक ब्रह्मदेव प्रसाद,शिक्षक रविंदर महतो,नरेंद्र देव, रूपेश कुमार, रूकेश ठाकुर,महेश कुमार,शिक्षक मो नौशाद,मुकेश कुमार, सहित क्षेत्र के लोगों ने पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मृतक शिक्षक के परिजनों ने बताया की शुक्रवार को लगभग 10 बजे खाना खाने के बाद अचानक ज्यादा गर्मी लगने लगा। गर्मी से बेचैन होने लगा तभी उन्होंने नहा कर अपने रूम में सोने चला गया,सुबह जब उनकी कमरे में गया तो मृत पाया,देखा की नाक से खून निकला हुआ था,तभी आसपास के लोग को जानकारी मिलते ही लोग अचम्भा मान रहा था,सभी कयास लगा रहे थे की इनका मौत ब्रेन हैमरेज के कारण हुई,है भीषण गर्मी में प्रेसर हाई होने से अचानक उनकी मौत हो गई, वहीं इनकी निधन पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरसंडा परिवार उनके घर पहुंच कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए । वहीं इनके निधन पर विद्यालय शिक्षक ने बताया की वे अपनी कर्तव्यनिष्ठा से बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र को सुशोभित करते रहे है ।उनके कार्यशैली बहुत सराहनीय थी,वे हमेसा विद्यालय ससमय आते थे, वे हमेसा तत्पर रहते थे,उनके निधन से शिक्षा जगत में अपूरणीय क्षति हुई हैं। वहीं मृतक शिक्षक के शव को चंद्रदीप पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम हेतु जमुई भेजा,पोस्टमार्टम के बाद उनकी अंतिम संस्कार की गई।

# एम्स पटना में राष्ट्रीय स्ट्रोक सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय स्ट्रोक सम्मेलन का उद्घाटन एम्स, पटना में कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल ने मुख्य अतिथि के रूप में, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया। विशिष्ट अतिथियों में आईजीआईएमएस, पटना के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) बिंदे कुमार; रिम्स, रांची के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राजकुमार; प्रोफेसर (डॉ.) प्रेम कुमार, अकादमिक डीन; प्रोफेसर (डॉ.) अनूप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक और परीक्षा डीन; और प्रोफेसर पुनम भदानी, छात्र मामलों के डीन। एम्स पटना के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल ने न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, न्यूरोरिहैबिलिटेशन, न्यूरोसाइकियाट्री, इंटरवेंशनल फिजियोलॉजी और फंक्शनल न्यूरोसर्जरी को शामिल करते हुए एक उन्नत न्यूरोसाइंस सेंटर के विकास का आश्वासन दिया। यह आयोजन न्यूरोसर्जरी और न्यूरोलॉजी



विभागों का संयुक्त सहयोग था। सालाना, बिहार में लगभग 100,000 मरीज स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं, जिसका मुख्य कारण मस्तिष्क की धमनियों में रक्त का थक्का जमना (80%) या धमनी के फटने के कारण मस्तिष्क रक्तस्राव (20%) होता है। स्ट्रोक के लक्षणों की प्रारंभिक पहचान – जैसे कि अंगों की कमजोरी, अस्पष्ट वाणी, चेहरे की विषमता और चक्कर – महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक उपचार के लिए चिकित्सक या न्यूरोलॉजिस्ट से शीघ्र परामर्श आवश्यक है। हाल की प्रगति के साथ, स्ट्रोक का इलाज एंडोवास्कुलर तकनीकों का उपयोग करके किया जा सकता है, जिसमें प्रमुख वाहिकाओं से रक्त के थक्कों को हटाने या एन्यूरिज्म और धमनीशिरा संबंधी विकृतियों के कारण टूटे हुए जहाजों के जमाव को हटाने के लिए स्टेंट रिट्रीवर्स शामिल हैं। ये उन्नत उपचार भारत में सीमित संख्या में सुविधाओं पर उपलब्ध हैं, जिनमें एम्स पटना और बिहार के कुछ निजी अस्पताल शामिल हैं। सम्मेलन में प्रारंभिक स्ट्रोक फीचर पहचान, ब्रिजिंग थेरेपी की शुरूआत (अल्टेप्लेस या टेनेक्टेप्लेस के इंजेक्शन का उपयोग करके) और एंडोवास्कुलर मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी करने के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने जिला स्तर पर मरीजों के इलाज के लिए न्यूरो-चिकित्सकों और न्यूरोसर्जनों को उन्नत तकनीकों में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और आपातकालीन चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, रेडियोलॉजी, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास (पीएमआर), और मनोचिकित्सा जैसे विभागों को शामिल करते हुए बहु-विषयक प्रबंधन की वकालत की। राष्ट्रीय सम्मेलन में बिहार, झारखंड और अन्य राज्यों से 250-300 न्यूरो-चिकित्सकों ने भाग लिया। स्ट्रोक के विभिन्न पहलुओं को संबोधित करने वाले प्रमुख वक्ताओं में प्रोफेसर कामेश्वर प्रसाद (न्यूरोलॉजी के पूर्व प्रमुख, एम्स दिल्ली), प्रोफेसर रोहित भाटिया (एम्स दिल्ली), डॉ. संजय कुमार (न्यूरोलॉजी के प्रमुख, पीएमसीएच पटना), डॉ. अशोक कुमार (न्यूरोलॉजी के प्रमुख) शामिल थे।

# मरिचांव में चल रहा श्री रामेष्ठ महायज्ञ, 16को विशाल भंडारे के साथ होगा समापन

कैमूर। भभुआ प्रखंड क्षेत्र के मरिचांव में श्री रामेष्ठ महायज्ञ 9 जून से शुरू है जिसका समापन 16 जून को विशाल भंडारे के साथ होगा ।इस उपलक्ष्य में सपाद लक्ष हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन,प्रतिदिन संध्या 4 बजे से कथा,7 बजे से गंगा आरती तथा इसके बाद बाहर से आए कलाकारों द्वारा धार्मिक झाकियों की प्रस्तुति की जा रही है जो श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर रही है ।जिसको देखने – सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है ।इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम बाहर से आए कलाकारों द्वारा माता सती के वियोग में भगवान शंकर द्वारा किया गया तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने तांडव नृत्य के जरिए माता सती के विरह की झांकी को जीवंत कर दिया। जो आकर्षण का केंद्र रहा ।कलाकारों की कला को देख लोग भाव विभोर होकर झूम उठे ।साथ ही लोग कलाकारों की खूब तारीफ करते नजर आए। इस दौरान भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मौजूद रहे ।कार्यक्रम के आयोजक कृपापात्र अरविंद स्वरूप ब्रह्मचारी जी एवं संयोजक विंध्याचल सिंह द्वारा उनका अंगवस्त्रों के साथ भव्य स्वागत किया गया ।वहीं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिला पार्षद ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से मन की विकृतियां समाप्त होती हैं ।मनुष्य के शरीर के अंदर प्रेम का भाव उत्पन्न होता है और सामाजिक एकजुटता को जन्म देता है जिससे समाज का भला होना अवश्यंभावी है ।बता दें कि इस यज्ञ का आयोजन अनंत विभूषित पूज्य श्री स्वामी विमल देव जी महाराज अस्सी घाट वाराणसी के तत्वाधान में आयोजित है ।भगवान श्री राम के प्रिय भक्त संकट मोचन हनुमान जी का एक नाम रामेष्ठ भी है। रामेष्ठ का अर्थ है जो राम का प्रिय हो। इस अवसर पर विंध्याचल सिंह, मनोज सिंह, मोनू सिंह सोनू सिंह आनंद सिंह ,विशाल सिंह,बिशु सिंह सहित हजारों लोगों सामिल रहे।

# पुलिस के द्वारा पिछा करने के दौरान शराब लोड कार नहर में पलटी एक धंधेबाज गिरफ्तार एक फरार

दुर्गावती। स्थानीय थाने के खड़सरा गांव के पास पुलिस द्वारा पीछा की जा रही एक शराब लोड तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। कार चालक इतनी तेज रफ्तार से कार को लेकर भाग रहा था कि उसे देखकर लोगों में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रहा की कार की चपेट में कोई नहीं आया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताते चलें कि एनएच दो पर एक्साइज विभाग के पदाधिकारी ओमप्रकाश कुमार व एंटी लीकर प्रभारी विनय कुमार की संयुक्त



टीम वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक कार को पुलिस ने रोकना चाहा तो वह पुलिस को देख कार को लेकर तेजी से भगाने लगा। इस दौरान कार को भागते देख पुलिस भी कार का पीछा करने लगी। जहां पीछा करने के दौरान तस्करों की कार खड़सरा गांव के समीप नहर के बीच में जा गिरी। जहां पर पीछे से जा रही पुलिस ने एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक भागने में कामयाब रहा। पुलिस के द्वारा कार को ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाल कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके अंदर से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई । वहीं पुलिस गिरफ्तार धंधेबाज से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार का आयोजन



बरियारपुर (मुंगेर)को बरियारपुर थाना प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता पी एस आई आरती कुमारी ने की। लेखा लिपिक के रुप मे राजस्वकर्मी अमीत कुमार ने किया।इस अवसर पर कई फरियादियों ने अपना फरियाद लेकर जनता दरबार में आये।पी एस आई आरती कुमारी ने प्रथम जनता दरबार में फरियाद सुन रही थी। कार्य-निष्पादन स्तर राजस्वकर्मी अमीत कुमार ने काफी सुझबुझ के साथ जनता दरबार के कार्यवाही पर पैनी नजर के साथ निष्पादन किया।

### पूर्व प्रमुख के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

तारापुर (मुंगेर)।तारापुर प्रखंड के प्रमुख रहे लौना गांव निवासी रविंद्र सिंह के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही सभी राजनीतिक गठबंधन के कार्यकताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।गौरतलब है कि इनके निधन की खबर से चारों तरफ शोक की लहर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने लौना गांव पहुंचकर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।पूर्व मुखिया मीना देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह पूर्व प्रखंड प्रमुख रहे संजय कुमार सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार समीर मधुकर इत्यादि ने पूर्व प्रमुख के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।इसके पूर्व घटना की सूचना मिलते ही लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कुमार प्रणय इत्यादि ने कहा कि इनका असमय चला जाना हम सबों के लिए अपूरणीय क्षति है।इधर जिला परिषद सदस्य पिंकी कुमारी राजद नेता जितेंद्र कुशवाहा इत्यादि ने इनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने जी. आर-10/20, महिला थाना कांड संख्या -04/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार दिया है।स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त टूटू कुमार उकुरहमी ओबरा को भादंवि धारा 376 ( ) और पोक्सो एक्ट की धारा 04 ( ) में दोषी ठहराया तथा बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 18 जून 24 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता की मां ने 12 फरवरी 20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि 10 जून 20 को रिश्तेदार में सगाई में गई थी तो मेरी बच्ची शाम में शौच के लिए निकली तो घात लगाए बैठे अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता को पकड़कर सरसों के खेत में ले जाकर गलत काम किया था।

### भीषण गर्मी को देखते हुए अगले एक सप्ताह तक स्कूलों में छुट्टी विस्तारित करने की मांग

औरंगाबाद। भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए अगले एक सप्ताह तक सभी विद्यालय बंद करने के लिए औरंगाबाद जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र प्रेषित किया है।इस संदर्भ में पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि पूरा बिहार भीषण गर्मी एवं उमस से त्रस्त है।बिहार के सभी जिलों में 45 डिग्री से 48 डिग्री के बीच तापमान दर्ज की जा रही है।अधिक तापमान रहने के कारण हीट वेव की जो स्थिति बनी हुई है उससे प्रतिदिन हताहत होने की सूचना प्राप्त हो रही है।ऐसी स्थिति में पूरे बिहार में भीषण गर्मी के कारण छात्र,शिक्षक एवं सामाज हित को देखते हुए विद्यालयों में अगले एक सप्ताह तक छुट्टी को विस्तारित करने की कृपा की जाए।जिससे, बच्चों की जान माल की रक्षा हो और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

### तिलकपुर बगीचा के समीप ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की हुई मौत

सुलतानगंज।अकबरनगर सुलतानगंज रेलखंड के बीच तिलकपुर बगीचा के समीप 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव रेल पटरी पर से पुलिस ने बरामद किया है।थाना की पुलिस ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि तिलकपुर बगीचा के समीप रेल पटरी पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है।तभी पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर छानबीन किया।घटना के बाबत बताया जा रहा है की मृतक रेल लाइन पार कर रहा था तभी किसी ट्रेन के चपेट में आ गया।बताया जा रहा है कि युवक का उम्र तीस साल के आसपास है। युवक का शिनाख्त नहीं हो पाया है।और युवक के पास से कुछ भी बरामद नही हुआ है। जिससे उसकी पहचान हो सके।पुलिस ने आसपास के लोगों से शव का पहचान करने मे जुटी हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को किया जाना सुनिश्चित है : अध्यक्ष

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारी के साथ किया बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार आगामी 13.जुलाई.24 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर शनिवार को आलोक गुप्ता ,जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर की अध्यक्षता में जिला वन पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, नगर निगम पदाधिकारी, नीलाम पत्र पदाधिकारी,दूरसंचार पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक तथा माप तौल पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की वे अपने विभाग से संबंधित लंबित सुलहनिय वादों की सूची तैयार करे तथा उसमे अधिक से अधिक नोटिस निर्गत करवाए ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्पादन किया जा सके। बैठक में प्रवाल दत्ता अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश द्वितीय, श्रीमती रुमपा कुमारी,अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश तृतीय, श्रीमति अनुपम कुमारी, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय, श्री प्रदीप कुमार चौधरी,अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश सिक्स तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री मुक्तेश मनोहर उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्पादन मे सहयोग करने का आश्वासन अध्यक्ष महोदय को दिया गया।

## शिक्षा के राजनीति व बाजारीकरण का प्रमाण है निट स्कैम : सपा

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। नीट यूजी 2024 परीक्षा में 67 छात्रों का साथ साथ इन्टर फेल का भी टॉप होना शिक्षा के राजनीति व बाजारीकरण का सबसे बड़ा प्रमाण है छात्र हित में यह नंबर स्कैम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा ये बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से नीट यूजी 2024 परीक्षा को पूर्णता रद्द करने की मांग करते हुए कहा है।श्री यादव ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार जिस तरह से देश के किसानों के साथ छल कर रही है उदाहरण स्वरूप अग्नि वीर लाकर नौजवानों को बरगला रही है और अब ग्रेस मार्क्स के बहाने नंबर स्कैम कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है यह एक साजिश है देश के छात्र नौजवानों को डिप्रेशन में धकेलना का इस षड्यंत्र को बर्दाश्त करना खुद में एक अपराध होगा। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ कि देश की इतनी बड़ी परीक्षा जिससे छात्रों के सपने एवं भविष्य जुड़े हैं ऐसे परीक्षा में 67 बच्चों का एक जैसा नंबर आना अपने आप में एक बड़ा सवाल है जो गड़बड़ी और घोटाले की कहानी बंया करने के लिए प्रर्याप्त है और सरकार अब 1563 उम्मीदवारों का ग्रेस मार्क्स देने का फैसला रद्द कर इस प्रकरण से पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रही है अगर सरकार में शिक्षा को लेकर जरा भी नैतिकता बची है तो सरकार नीट यूजी 2024 की परीक्षा को पूर्णता रद्द कर नई परीक्षा तिथि की घोषणा करें अन्यथा मुंगेर जिला समाजवादी पार्टी इस प्रकरण को लेकर सड़क पर उतरेगी।

## मुस्लिम शख्स ने पानी के लिए तड़प रहे तीर्थयात्रियों को पिलाया पानी

प्रात : किरण संवाददाता




औरंगाबाद। शहर के कथरुआ के पास बस में तबीयत खराब होने से महिला की मौत के बाद 50 व्यक्ति बस में पानी के लिए तड़प रहें थे। जिसकी सूचना मुस्लिम युवक सल्लू खान को मिली। सल्लू ने पानी की पेटी और ओआरएस लेकर बस के पास पहुंचे और सभी पानी पिलाया और ओआरएस का घोल पिलाया। सभी को सदर अस्पताल औरंगाबाद लेकर। पहुंचे और सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। तीर्थयात्रियों के लिए शीतल जल एवं ओआरएस की व्यवस्था कर सबों को राहत दी। बताया कि बस में सवार 50 लोग पानी के लिए तरस रहे थे। उसने जब हमने पानी पिलाया तो तब जाकर सबों को राहत मिली। बताया कि इस बस के साथ आए अन्य चारों बस आगे निकल चुके थे। मृतक महिला के स्वजन शव का बिना पोस्टमार्ट कराए अपने साथ ले गए।

**टूरिस्ट यात्री ने मुस्लिम युवक को किया जताया आभार:** सभी यात्री जो बस पर सवार थे। समासेवी सल्लू खान को ओर से गर्मी में पानी और उनकी बिगड़ी हुई यात्रियों को बचाने के लिए किए गए प्रयास की सराहना की। पुणे के धमनी के लहर से मित्तिक के स्वजनों ने कहा कि स्थानीय सांप्रदायिक सद्भाव तथा भाईचारे की परंपरा का परिचय दिया है। सल्लू खान ने मौके पर पहुंचकर लहर के चपेट में अस्पताल पहुंचाया। औरंगाबाद बिहार की यह पहचान है और इस महत्वपूर्ण संस्कृति को बचाए रखने के लिए सभी को संघर्ष करना चाहिए। यह देखा गया है कि को चाहे किसी भी मुसीबतों का सामना क्यों न करना पड़े वह भाईचारे की परंपरा का निर्वाह कठिन परिस्थितियों में भी करते हैं। सल्लू खान की लोगों की इस मानवता की भावना को सलाम करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस परंपरा का निर्वाह होना चाहिए।

## नीट परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक ना हो इसके लिए सरकार को कठोर कार्यवाही करनी चाहिए : प्रोफेसर सुमन

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। 5 मई 2024 को संपन्न नीट की परीक्षा में व्यापक स्तर पर हुई धांधली पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा है कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है तब से सभी प्रतियोगी परीक्षा में व्यापक स्तर पर धांधली हुई है। प्रोफेसर सुमन ने कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में 24 लाख छात्रों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 13 लाख छात्रों ने क्वालीफाई किया। गुजरात एवं मध्य प्रदेश से प्रश्न पत्र लाने के क्रम में प्रश्न पत्र लीक हो गया। 4 मई 2024 को पटना की एक छात्रावास में कई छात्रों से मोटी रकम लेकर शिक्षा माफिया द्वारा नीट परीक्षा के सभी प्रश्नों का सही उत्तर उपलब्ध कराया गया। 6 मई 2024 को पटना पुलिस को जब इसकी भनक मिली उन्होंने 19 लोगों पर एफ आई आर दर्ज कराया। गिरफ्तार लोगों में से एक छात्र आयुष ने पुलिस को बताया कि एक दिन पूर्व ही उन्हें सभी प्रश्नों का सही उत्तर देकर उसे याद करने को कहा गया। आगे आयुष ने बताया की 5 मई को जब परीक्षा भवन में हुए परीक्षा देने गए तो प्रश्न पत्र मिलने पर उन्होंने देखा परीक्षा में हु बहु वही प्रश्न पूछे गए थे जो दलालों द्वारा उन्हें एक दिन पूर्व उपलब्ध कराया गया था। नीट की परीक्षा में पूरे भारत में 4500 केंद्र बनाए गए थे जिसमें 6 केंद्रों पर गलत प्रश्न पत्र दिए गए बाद में सही प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया जिससे छात्रों का समय बर्बाद हुआ छात्रों द्वारा यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया तो सुप्रीम कोर्ट ने स्टैंडिंग आर्डर में कहा कि दोबारा परीक्षा के बदले ऐसे छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिया जाए।बाद में पता चला की कई छात्रों को 100% मार्क्स दिया गया फिर छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे 1563 छात्रों के बारे में यह आदेश दिया की या तो छात्रों को दोबारा नीट की परीक्षा देनी होगी या मूल अंक बिना ग्रेस मार्क्स स्वीकार करना होगा। व्यापक स्तर पर नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरुद्ध में पूरे भारत में छात्र जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं इसके बावजूद भी भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा इस पर पर्दा डाला जा रहा है।प्रोफेसर सुमन ने कहा कि जब से बीजेपी बिहार सरकार में शामिल हुई है तब से लेकर आज तक बिहार में जितनी भी परीक्षा संपन्न हुई है।

## श्रीमद् भागवत कथा का सप्ताहिक आयोजन 151 कलश के साथ निकल गया शोभा यात्रा

प्रात : किरण ब्यूरो



संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के रामपुर पंचायत के मनियां गांव में श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक कार्यक्रम रखा गया है जिसको लेकर आज दिन शनिवार को रामपुर पेट्रोल पंप से लेकर मनियां गांव तक 151 कन्या का जय घोष करते हुए कथा स्थल की ओर धीरे-धीरे गाजे बाजे हाथी घोड़े के साथ बढ़ रहे थे वही कथावाचक हरिद्वार से आए बाल व्यास राम जी त्रिपाठी ने अपने मुख से भागवत कथा और भजन के होने की बात के बारे में वही उनके द्वारा यह बताया गया कि यह भागवत कथा का कार्यक्रम साथ दिवसीय रखा गया है कथा एवं भजन के साथ झूमेंगे वही मनिया गांव के दूसरी बार आचार्य बने वहीं भागवत कथा की अध्यक्षता करते हुए कुंदन कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे गांव के वार्ड प्रतिनिधि एवं हिंदुत्व सेवा संघ के सदस्य गौतम झा के द्वारा इस बार भागवत में अपनी ओर से विशेष व्यवस्था किया गया है इसको लेकर के गौतम जाने ग्रामीण के सभी युवाओं को दिल को जीत लिए हैं वही कथावाचक श्री राम जी त्रिपाठी ने बताया कि मनिया गांव से मेरा पुराना नाता है इस साल को लेकर चार बार कथा हमारे ही मुख से पूरे गांव के लोगों ने सुना है जब तक गांव से ऐसा प्यार हमें मिलता रहेगा हरिद्वार मैं एक फोन पर मनिया गांव के लोगों भगवान प्रयास वही मनिया गांव के कुछ ऐसे युवा जो भागवत कथा को लेकर के 15 दिन से लोगों को जागरुक कर रहे हैं 15 दिनों में ही भागवत कर दिए हैं अभिषेक कुमार नितेश कुमार झा दिलखुश कुमार रवि कुमार संतोष कुमार इत्यादि लोगों ने भागवत कथा को प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## जाँच एस.आई.टी गठित कर जल्द हो जांच : निवर्तमान सांसद



औरंगाबाद। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने नबीनगर थाना अंतर्गत गैस गोदाम स्थित निवासी अभय कुमार सिंह के 16 वर्षीय सुपुत्री 11वीं की छात्रा श्रेया कुमारी का अपराधीयों के द्वारा निर्मम तरीके से हत्या करने को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है। निवर्तमान सांसद ने कहा कि हमारे अत्यंत करीबी ऊजार्वान कार्यकर्ता अभय सिंह के सुपुत्री के साथ घिनौना घटना की सूचना सुनकर औरंगाबाद एस.पी से दूरभाष पर बात करके इस हृदय विदारक घटना के कारण का जाँच एस.आई.टी गठित कर जल्द से जल्द करवाने एवं अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा।यह घटना बहुत ही दुःखद और अत्यंत पीड़ादायक है। भगवान श्रेया को अपने श्री चरणों में जगह दे और पूरे परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,समाजसेवी अजीत सिंह, अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और जिलावासी,एन.डी.ए के कार्यकर्ता,बुद्धिजीवी,समाजसेवी एवं अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## इ शिक्षाकोष के निमित ऑनलाइन हाजिरी बनाने वास्ते प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के बीआरसी के सभागार में प्रखंड के अधीन सभी मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का दो पाली में ई शिक्षा कोष के निमित ऑनलाइन उपस्थिति बनाने वास्ते प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक कंप्यूटर सहायक रौशन कुमार ने बताया कि इ शिक्षा कोष से किस तरह ऑनलाइन हाजिरी बनाना है। सर्वप्रथम अपने मोबाइल के प्ले स्टोर में इ शिक्षा कोष ऐप को डाउनलोड करना है।

तत्पश्चात टीचर आईडी खोलना है उसके बाद सेल्फ अटेंडेंस का कॉलम आएगा जो 500 मीटर की दूरी के पोषक क्षेत्र में कार्य करेगी।वहां पर स्कूल इन और स्कूल आउट का ऑप्शन आएगा।जब हम स्कूल में इन करेंगे तो वहां मार्क इन करेंगे जब स्कूल से आउट होंगे तो वहां मार्क आउट का ऑप्शन दबाएंगे।जब कोई टीचर किसी कार्य से किसी ऑफिस में शिरकत करेंगे तो वह मार्क अटेंडेंस का इस्तेमाल करेंगे। प्रशिक्षणोपरांत प्रशिक्षु शिक्षकों से संवाददाता ने जब बात किया तो शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी बनाना में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन सभी स्कूलों में इसके लिए वाईफाई की सुविधा दी जाए और प्रधानाध्यापक को डिजिटल टैब मुहैया कराई जाए तभी इस तरह के कार्य को मूर्त रूप दिया जा सकता है। आज के प्रशिक्षण में अकाउंटेंट कुश कुमार,अजीत कुमार सिंह,मंकू सिंह,विजेंद्र कुमार,विश्वनाथ कुमार,जितेंद्र कुमार,इम्तियाज अहमद,सच्चिदानंद प्रसाद,बबन प्रसाद,संतु कुमार सहित अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रिया रंजन कुमार ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो संजीव कुमार पंचायती राज पदाधिकारी नीलिमा कुमारी,बिजली विभाग के एसडीओ,नगर सभापति राजकुमार उर्फ गुड्डू शामिल थे। शांति समिति की बैठक में शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित हुए। इस दौरान बकरीद 17 जून से शुरू है इसको लेकर सभी से बारीकी से इस पर्व के बारे में जानकारी प्राप्त किए। इसपर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने त्योहार के धार्मिक महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ यह पर्व मनाने को कहा गया। वही बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण एवम आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया है। इसको लेकर थाना प्रभारी प्रिया रंजन कुमार ने बताया कि बकरीद पर्व के दिन जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रहेगी शहर में हो रहे हर गतिविधि पर नजर रहेगी। पूरा शहर में पेट्रोलिंग गस्ती रहेगी। साथ ही बीडीओ संजीव कुमार ने बताया कि 16 तारीख तक शहर में साफ सफाई की सारी व्यवथा की जाएगी। ताकि अगले दिन 17 तारीख को किसी भी प्रकार का पड़ेसानियो का सामना न करना पड़े। यह तीन दिन का पर्व है इसे विशेष रूप से ख्याल रखी जाएगी। शहर में कुल 18 जगहों पर नमाज अदा की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पवन केसान, भाजपा नेता विकास कुमार कर्ण,नगर अध्यक्ष अफरोज आलम, मिरहट्टी मुखिया अशोक यादव,वार्ड पार्षद नवीन कुमार बन्नी, मुकेश कुमार,,रूबी कुमारी,सरिता देवी,सरपंच विमल किशोर यादव, मो सेराज वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शाहनवाज काजमी इत्यादि शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## इसुआपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित

इसुआपुर। बकरीद के मद्देनजर शनिवार को इसुआपुर थाना परिसर में सीओ करुण करण की अध्यक्षता तथा थानाध्यक्ष कमल राम के संचालन में शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर अंचलाधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व भाईचारे का पर्व है।जिसे सभी लोग मिलजुल कर मनाएं।वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि जहां तक मुझे जानकारी मिली है कि इसुआपुर में बकरीद का पर्व सभी संप्रदाय के लोग मिलजुलकर शांति व्हाट्सएप भारत पूर्ण वातावरण में मनाते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इस बार भी यह त्योहार सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएंगे।साथ ही उन्होंने सख्त लफ्जो में कहा कि अगर कोई भी शरारती तत्व शरारत करने की कोशिश की तो उसे बख्शा नहीं हीं जाएगा।.बैठक में प्रखंड उपप्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, ,जहरूदिन अंसारी,महमद हफीज सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चार दिनों से बंद पड़े राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में पुलिस ने शुरू कराया पूजा पाठ

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के छोटकी फुलवरिया गाँव स्थित राम लक्ष्मण जानकी मंदिर परिसर में पहुँची माँझी थाना पुलिस ने अनेक ग्रामीणों की मौजूदगी में पुजारी गया साहनी को समझा बुझाकर मन्दिर में विधिवत पूजा पाठ शुरू करा दिया। इससे पहले शनिवार को जदयू नेता निरन्जन सिंह के नेतृत्व में मन्दिर परिसर पहुँचे ग्रामीणों ने कथित रूप से गाँव के ही एक युवक द्वारा पुजारी को गोली मारने की धमकी दिए जाने के आरोप लगाते हुए जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया तथा धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार किए जाने की माँग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुजारी को धमकी देने वाला नितेश साहनी नामक स्थानीय युवक कथित तौर पर शराब की तस्करी करता है जबकि मन्दिर के पुजारी मन्दिर परिसर के समीप की जा रही शराब तस्करी का विरोध कर रहे थे। इस बात को लेकर वह पुजारी से काफी नाराज था। बताते हैं कि तीन दिनों पूर्व मन्दिर परिसर पहुँचे पुजारी से आरोपी युवक ने मन्दिर में पूजा पाठ बन्द कर भाग जाने की धमकी दी थी। युवक की धमकी से भयभीत पुजारी ने पूजा पाठ बन्द कर मन्दिर में ताला जड़ दिया था।

## छेड़छाड़ करने वाले युवक को पकड़ कर ला रही डायल 112 की पुलिस टीम को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

प्रात : किरण



जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के नारगंजो गांव के समीप करमा गांव में शनिवार को एक मामलें में पहुंची डायल 112 की टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया जिसके बाद पुलिस काफी कोशिश कि वहां से निकलकर थाना पहुंचे लेकिन आदिवासी ग्रामीण तीर धनुष के साथ पुलिस वाहन को रखते हुए डायल 112 की पुलिस टीम को वहां से जाने नही दे रहे थे। मिली जानकारी अनुसार करमा गांव की कुछ युवतियां नारगंजों स्टेशन से पगडंडी होते हुए अपने गांव करमा जा रही थी कि तभी पगडंडी के रास्तें में कुछ युवकों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ किया जिसके बाद महिला अपने घर गई और अपने परिजनों को आपबीती सुनाई जिसके बाद लोगों ने एक युवक को पकड़कर अपने गांव लाया तबतक किसी ने डायल 112 पर संपर्क कर मामलें की जानकारी दी।

जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उक्त युवक को अपने साथ उठाकर थाना ला रहा था कि तभी आक्रोशित आदिवासी ग्रामीणों ने पुलिस का रास्ता रोकते हुए पुलिस वाहन और पुलिस को वहां से जाने से रोकने लगा। डायल 112 की पुलिस लाख कोशिश में जुटे रहे लेकिन ग्रामीण का आक्रोश युवक के खिलाफ बढ़ते जा रहा था। इधर ग्रामीणों के द्वारा युवक को उसके हवाले करने की बात करते हुए पुलिस कार्य में बाधा देते देखकर डायल 112 की पुलिस टीम स्थानीय थानाध्यक्ष को इसकी सूचना दी जिसके बाद थाना से पुलिस बल मौके पर पहुंची। इधर ग्रामीणों का कहना था कि उक्त युवक पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करे नही तो हमलोगों को अपने ढंग से कार्रवाई करने दे। पुलिस के द्वारा पकड़े गए युवक की पहचान सक्सेना कुमार साकिन नारगंजो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि इस दौरान डायल 112 की पुलिस वाहन और पुलिस टीम को लगभग दो घंटे तक बंधक बनाकर रखे हुए था।

एक महिला के पति ने बताया कि उक्त दो दिन पूर्व उक्त युवक के द्वारा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया और उक्त युवक के चंगुल से भागने के दौरान महिला का बाइक के गर्म साइलेंसर से हाथ भी जल गया था। महिला के पति ने बताया कि शनिवार को फिर से उक्त युवक ने एक महिला और उसके साथ एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना दिया था।

## आरएसएसडीआई द्वारा डॉ पीके भट्टाचार्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

प्रात : किरण



दरभंगा।रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, बिहार चैप्टर के त्रिदिवसीय छठे वार्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत डॉ. एचएन यादव सभागार में चीफ गेस्ट डॉ राकेश सहाय दीप द्वारा प्रज्वलित करके वैज्ञानिक सत्र की शुरूआत की गई। कार्यक्रम मंच पर डॉ बीके सिंह, डॉ एससी झा, डॉ यूसी झा, डॉ एचएस शर्मा, डॉ वी विश्वनाथन, डॉ मनीष कुमार प्रसाद, डॉ सुभाष कुमार, डॉ सुप्रियो मुखर्जी पीठासीन थे। बिहार के विभिन्न जिलों से तकरीबन 700 चिकित्सक ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ एस सी झा ने अतिथियों, चिकित्सकों और छात्रों को स्वागत में सम्बोधित करते हुये कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों और आम जनता के बीच डायबिटीज के बारे में जागरूकता बढ़ाना, उसके निदान और प्रबंधन के लिए नवीनतम दवाई, उपाएं और तकनीकों पर चर्चा करना है। दोनों वैज्ञानिक सत्रों में दो दर्जन से अधिक विषय पर चर्चा हुई। शाम 5.30 बजे सम्मेलन की औपचारिक रूप से चीफ गेस्ट डॉ बीबी ठाकुर ने सभा को संबोधित किया। बेस्ट टीचर अवार्ड की उपाधि डॉ. ए न रॉय को दिया गया। डॉ. पीके भट्टाचार्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

संयोजक के रूप में डॉ. स्वेताभ वर्मा ने कार्यक्रम कि बागडोर संभाली रखी थी। रजिस्ट्रेशन काउंटर का बखूबी संचालन डॉ. देवार्घ कुमार ने किया।मंच संचालक के रूप में डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अभिलोक व डॉ. सिद्धार्थ ने वखूबी निर्वहन किया। आयोजन समिति के डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. अमित अंबस्ता, डॉ. भरत कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मिलिंद झा, डॉ. रितेश कमल आदि चिकित्सकों ने अपना-अपना कर्तव्य निर्वहन किया।नए बिहार चैप्टर चेयरमैन इलेक्ट के रूप में डॉ. सुप्रियो मुखर्जी को आउटगोइंग चेयरमैन डॉ एचएस शर्मा ने पद हस्तांतरित किया। इसी तरह निर्वतमान वाइस चेयरमैन डॉ. सुप्रियो मुखर्जी ने नए वाइस चेयरमैन डॉ. शैबाल गुहा को अपना पदभार सौंपा एक्जीक्यूटिव मेंबर के पद पर डॉ. अमित कुमार दस एवम डॉ. अभिषेक कुमार को नामित किया गया बिहार चैप्टर आर.एस.एस.डी.आई की एनुअल मिटिंग के पश्चात दूसरे दिन के कार्यकम की समाप्ति किया गया।

## बकरीद को लेकर चंद्रदीप थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मुस्लिम गांवों में बकरीद त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ शान्तिपूवर्क सम्पन्न कराने को लेकर शनिवार को चंद्रदीप थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजेंद्र साह की अध्यक्षता में दोनो समुदाय के प्रबुद्धजनों, पूजा समिति के सदस्य,समाजसेवियों, एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, सीओ दिवाकर रंजन ने बैठक में आये हुए लोगो से बकरीद पर्व को शांति व सद्भाव के साथ मानने की अपील की गई,वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से अपने अपने क्षेत्र में होने वाले ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज की समय एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा की समूचे प्रखंड में अबतक कहीं भी कोई अशांति,तनाव व टकराव जैसी स्थिति नही आई है,परंतु कुछ संवेदन शील इलाकों में पुलिस की तैनाती एवं मजिस्ट्रेट प्रतिनिक्ति की जाएगी, वहीं सीओ दिवाकर रंजन ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा जिला प्रशासन गाइड लाइन के तहत त्योहार आपसी मिल्लत एवं शान्ति पूर्ण वातावरण मे मनाए, स्थानीय जनप्रतिनिधियो तथा बुद्धिजीवी व समाजसेवियो को संबोधित करते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर शान्ति पूर्ण वातावरण त्योहार मनाने की अपील किया। वहीं थानाध्यक्ष राजेंद्र साह ने कहा कि कुछ जगह चिन्हित है जहा पुलिस प्रशासन सादे लिवास मे क्षेत्र मे गश्त करते रहेगी।और आसामाजिक तत्वो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होने कहा त्योहार मे अगर कोई असामजिक तत्व खलल डालने की कोशिश करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा,उसे चिन्हित कर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।कोई भी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करे तुरंत थाने में सूचना दे।









## टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने युगांडा को 40 रन पर निपटाया

# फिर किया धांसू रनचेज... बने कई अनचाहे रिकार्ड



**त्रिदिनाद, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में मसलकर रख दिया. सुपर 8 की होड़ से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड की टीम ने युगांडा को पहले 18.4 ओवर में 40 रन पर आउट कर दिया, फिर पावरप्ले के अंदर ही टारगेट को चेज कर लिया. युगांडा का 40 रन का स्कोर उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, इससे पहले उसने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन बनाए थे, जो नीदरलैंड्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर है. एक समय लग रहा था कि युगांडा की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर के शर्मनाक रिकॉर्ड को बना देगी. शनिवार ( 15 जून) को त्रिनिदाद के तारोबा में ब्रायन लारा स्टेडियम में इस मैच में कीवी कप्तान केन ने टॉस जीता और पहले पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

# यूएसए की टीम ने रच दिया इतिहास

## टी-20 वर्ल्डकप 2024

अमेरिका की टीम ने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उसने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड के किए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा की टीमों को पछाड़ते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह बनाई है। बता दें, ये पहला मौका है जब अमेरिका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेल रही है। उसने अपने डेब्यू सीजन में ही अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया है।



अमेरिका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में अमेरिका ने 195 रन के टारगेट को चेज करके जीत हासिल की थी। वहीं, अपने दूसरे मैच में उसने पाकिस्तान को हराया था। इस मैच में उसने सुपर ओवर में बाजी मारी थी। हालांकि उसे अपने तीसरे मैच में टीम इंडिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**डेब्यू सीजन में रच दिया इतिहास–** टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब कोई टीम ने अपने डेब्यू सीजन में ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले ये कारनामा आयरलैंड की टीम ने ही किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेंट बोल्ट की टी20 इंटरनेशनल को बाय-बाय

**बोले- हम अच्छा नहीं खेल पाए**




**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से 4 टी20 विश्व कप में भाग लिया है।

बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की 9 विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है। युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर 8 दौर से बाहर हो गई थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर 8 से बाहर होने पर कहा कि निश्चित रूप से हम टूर्नामेंट में ऐसी शुरुआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है। इस प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र से पहले टीम 2014 के बाद से हर बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलने को लेकर ड्रेसिंग रूम में बहुत गर्व का माहौल है। पिछले कई वर्षों में हमारे रिकॉर्ड बेहतरीन रहे हैं। दुर्भाग्य से बीते सप्ताह हम अच्छा नहीं खेल सके और क्वालीफिकेशन से बाहर हो गए।

### दीक्षा डागर की शानदार शुरुआत, इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं।



इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73–73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

**अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर –** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 16वें स्थान पर है। बेंगलुरु की यह खिलाड़ी अगस्त में अपना तीसरा ओलंपिक खेल खेलने के लिए तैयार है। ऐसे में उनके लिए कुछ लय हासिल जरूरी होगा। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर छह–अंडर 138 का है।

**हॉकी**

# जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित स्क्वाड का ऐलान



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 16 जून से बेंगलुरु में एसएआई में शुरू होगा। यह शिविर जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले। इस दौरे के दौरान भारत ने अपने पहले मैच में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2 शूटऑउट) से जीत हासिल की, लेकिन उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे मैच में 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 से मामूली हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, वे पहले मैच में 2-3 से हार गए लेकिन वापसी मैच में 1-1 (3-1 शूटऑउट) से जीत गए, जो दौरे का अंतिम मैच भी था।

आगामी शिविर, कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में 63 दिनों तक चलेगा और 18 अगस्त को समाप्त होगा। इस समूह में पांच गोलकीपर शामिल हैं- प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव और अली खान।

शिविर में फॉरवर्ड मोहित कर्मा, मोहम्मद जैद खान, मोहम्मद कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह, अरिजीत सिंह हुंदल, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह हैं।

डिफेंडर में शारदा नंद तिवारी, आमिर अली, मनोज यादव, सुखविंदर, रोहित, योगंबर रावत, अनमोल एक्का, प्रशांत बारला, आकाश सोरेंग, सुंदरम राजावत, आनंद वाई और तलेम प्रियो बार्टा शामिल हैं।

शिविर में शामिल होने वाले मिडफील्डर्स में बिपिन बिल्लवारा रवि, वचन एच ए, अंकित पाल, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, रितिक कुजूर, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, थोकचोम किंगसन सिंह, अंकुश, जीतपाल, चंदन यादव, मनमीत सिंह और गोविंद नाग शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में कोच जनार्दन सीबी ने कहा, यह शिविर भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है और इस प्रशिक्षण सत्र से उन्हें अपनी क्षमता के बारे में जानने में मदद मिलेगी।

# स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का समापन समारोह में वित्त सचिव ठकराल के उदगार



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वतः मिल जाते हैं। आगामी गुरुवार 20 जून को प्रातः 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली। नरेश कुमार ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चछ्ल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षों में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फूटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा।

**टी-20 वर्ल्डकप**

# सूरत के इस पारसी क्रिकेटर का था लॉस एंजिल्स में राज, जादुई गेंदबाजी से तोड़ रखी थी अच्छे-अच्छों की कमर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19वीं सदी के आखिर में दक्षिणीक्र कैलिफोर्निया में क्रिकेट की शुरुआत हुई, ये अमेरिका में इस खेल के शुरू होने के 200 साल बाद था। लेकिन वहां के लोगों ने इसे बहुत जल्दी अपना लिया। हर साल गर्मियों में मई के महीने में क्रिकेट का सीजन शुरू होता था। लॉस एंजिल्स, सांता मोनिका, सैन डिएगो और सैन फ्रांसिस्को (मध्य कैलिफोर्निया में) जैसे कई इलाकों की अपनी-अपनी लीग थीं। सीजन की शुरुआत लीग की टीमों के बीच अभ्यास मैचों से होती थी और अंत के करीब लॉस एंजिल्स की एक संयुक्त टीम उस इलाके के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों वाली सांता मोनिका 11 के साथ डुडली कप के लिए खेलती थी। साल दर साल क्रिकेट सीजन चलता रहा, कोई खास उलटफेर नहीं हुआ, लेकिन 1907 की गर्मियों में एक भारतीय की फिरकी गेंदबाजी ने सबको चौंका दिया।

**इस भारतीय का था अमेरिका में जलवा –** यह भारतीय थे मानेकजी जमशेदजी भुमगारा, जो सूरत के रहने वाले पारसी थे। लॉस एंजिल्स की अपनी लीग टीम के लिए उनकी गेंदबाजी धूम मचाने लगी। उन्हें ईस्ट इंडियन कहा जाता था और अखबारों में उनकी गेंद को घुमाने के हुनर की तारीफ की जाती थी। वह अक्सर एक ही पारी में विपक्षी टीम के 5 बल्लेबाजों को आउट कर देते थे और उनकी जीत में अहम भूमिका निभाते थे। कभी-कभी वह बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाते थे। भुमगारा 1905 के आसपास लॉस एंजिल्स आए थे। अपने पहले सीजन में वह वहां की तीन लीग टीमों में से एक वांडरर्स के लिए खेले। 8 जुलाई 1907 को लीग के एक महत्वपूर्ण मैच में उनकी टीम मैरीलेबोन क्लब के खिलाफ खेली। भुमगारा ने 16 रन बनाए, उनकी टीम ने सिर्फ 59 रन बनाए - वह केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने डबल फिगर स्कोर बनाया। उन्होंने 5 विकेट लिए और वांडरर्स ने टेस्ट (जिसमें सिर्फ एक-एक पारी होती थी) 6 रन से जीत लिया. उस पहले सीजन में भुमगारा ने लीग मैचों में



औसतन 5.2 रन देकर 20 विकेट लिए। सांता मोनिका 11 के खिलाफ टेस्ट मैचों में उन्होंने 5.5 की औसत से 11 विकेट लिए। अगले सीजन में वह मैरीलेबोन क्लब के लिए खेलने लगे, गेंदबाजी में उनका जलवा बरकरार रहा।

**अपने इशारों पर बल्लेबाजों को नचाते थे –** अखबारों में जिंगेरिस के खिलाफ उनके प्रदर्शन की खूब चर्चा हुई, जिंगेरिस लॉस एंजिल्स लीग की तीसरी टीम थी। भले ही उनकी टीम 4 रन से हार गई, लेकिन उन्होंने 5 विकेट लिए। लीग के एक और मैच में भी उन्होंने जिंगेरिस के खिलाफ 5 विकेट लिए, लॉस एंजिल्स टाइम्स ने लिखा कि अगर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने इतने कैच नहीं छोड़े होते तो वह और विकेट ले सकते थे। उन दिनों ज्यादातर मैचों में कम रन बनते थे, बल्लेबाज डबर फिगर स्कोर मुश्किल से ही हासिल कर पाते थे। 1909 में भाम्गारा फिर से वांडरर्स के लिए खेले। अक्सर दूसरे इलाकों की टीमें दक्षिणी कैलिफोर्निया का दौरा करती थीं।

**दक्षिणी कैलिफोर्निया में काफी लोकप्रिय हो चुका था खेल –** दक्षिणी कैलिफोर्निया में अक्सर क्रिकेट टीमें आया करती थीं। 1908 में, एरिजोना के क्लिफ्टन क्रिकेट क्लब - जिसके ज्यादातर खिलाड़ी ब्रिटिश कंपनी एरिजोना कॉपर कंपनी के थे - लॉस एंजिल्स का दौरा करने आए और कई मैच खेले। भुमगारा ने शानदार गेंदबाजी की और 9 विकेट लिए (पहले मैच में ही उन्होंने 6 विकेट लिए) और लॉस एंजिल्स की टीम को मेहमानों को हराने में मदद की। उसी साल, सैन फ्रांसिस्को की एक टीम भी आई थी। उस वक्त तक, दक्षिणी कैलिफोर्निया में क्रिकेट काफी लोकप्रिय हो चुका था। अमेरिका में इससे पहले भी क्रिकेट क्लब हुआ करते थ। शायद सबसे पहला 1854 में बना फिलाडेल्फिया क्रिकेट क्लब था। भुमगारा न्यूयॉर्क से लॉस एंजिल्स के पासाडेना आए थे। 1904 में न्यूयॉर्क पहुंचने के दस्तावेजों से पता चलता है कि उनका जन्म 27 जुलाई 1878 को सूरत में हुआ था। वह इंग्लैंड जाने से पहले बॉम्बे गए थे, जहां वो 10 साल तक रहे (ज्यादातर लंदन और लिवरपूल में)। वह खुद को एक आर्ट मर्चेंट बताते थे।

# चोटिल मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर, जजई टीम में शामिल



**एंटीगुआ, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के शेष मैचों के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में बदलाव किया है। चोट के कारण ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान की टीम हालांकि टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के सुपर आठ में पहुंच गई है। अफगानिस्तान की ऑफ स्पिनर 23 वर्षीय मुजीब हाल के वर्षों में टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसके नाम पर 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 59 विकेट हैं और प्रारूप में 6.35 की शानदार करियर इकोनॉमी है, लेकिन मुजीब ने ग्रुप सी में अफगानिस्तान के सिर्फ एक मैच में खेला। उसने युगांडा के खिलाफ तीन ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

ऑफ स्पिनर की दाहिनी तर्जनी के जोड़ की चोट इतनी गंभीर है कि मुजीब को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मुजीब की जगह हजरतुल्लाह जजई को खिलाने के अफगानिस्तान के अनुरोध को मंजूरी दे दी है।

**अफगानिस्तान की टीम–** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, हजरतुल्लाह ज़ज़ाई और रिजर्व में सेदिक अटल, सलीम सफ़ी हैं। टी-20 टूर्नामेंट के मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच से पहले ही अफगानिस्तान सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। सुपर आठ मुकाबलों में उनका सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।

# कंफर्म: पाकिस्तान टी20 विश्वकप 2024 से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में सुपर 8 में पहुंचने में फेल हो गई है। पाकिस्तान को यूएसए और भारत से मुकाबला गंवाना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड और यूएसए का मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से पाकिस्तान को घाटा पड़ा। पाकिस्तान को सुपर 8 में आगे बढ़ने के लिए यहां यूएसए की हार चाहिए थी लेकिन मुकाबला रद्द होने से यूएसए एक अंक लेकर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर गया। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर और भी है। उनका आगामी मुकाबला इसी लॉडरहिल के मैदान पर होना है। जहां आगामी दिनों में बारिश बताई जा रही है। अगर वह मुकाबला न हुआ तो पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक जीत के साथ ही बाहर हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के पिछले 2022 संस्करण में वह इंग्लैंड के साथ फाइनल खेली थी।

### ऐसे रहे पाकिस्तान के मुकाबले

**बनाम यूएसए: सुपर ओवर में हारे–** पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम ने 44 तो शादाब खान के 40 रनों की बदौलत 159 रन बनाए। जवाब में यूएसए ने मोनाक पटेल के 50, गौस 35, एरोन जोंस 36 की मदद मैच टाई करवा लिया। सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 13 रन ही बना पाई और 5 रन से मुकाबला गंवा दिया।

**बनाम भारत: 6 रन से हारे–** भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। नसीह और हारिस ने 3-3 विकेट निकाले। जवाब में पाकिस्तान की टीम 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

**बनाम कनाडा: 7 विकेट से जीते–** कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 रनों की बदौलत 106 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान ने जवाब में खेलते हुए मोहम्मद रिजवान के 53 और बाबर आजम के 33 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।

### निष्कर्ष

पाकिस्तान को यूएसए और भारत से हार के कारण बड़ा घाटा पड़ा। वहीं, यूएसए की टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत और आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने से अंक तालिका में पांच अंक बनाने में सफल रहा।

संक्षिप्त समाचार

## कहां हैं आपके सातों सांसद जल संकट पर फिर बीजेपी पर भड़के संजय सिंह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर जारी सियासी हंगामे के बीच आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दिल्ली के सातों बीजेपी सांसदों की चुप्पी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार को जिताया लेकिन इसके बावजूद हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के लोगों को सजा दे रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा की क्कक्क सरकार दिल्ली के हक़ का पानी रोककर हमसे दुश्मनी निकाल रही है। मैं कहना चाहता हूं कि आप हमसे दुश्मनी निकालिए लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशान मत कीजिए। उन्होंने सातों सांसदों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा, वे सातों सांसद कहा हैं। पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम क्या हो सकता है। मैं उन सातों सांसदों से कहना चाहता हूं कि कम से कम केंद्र सरकार और हरियाणा से अपील कीजिए और अपने एलजी से जाकर मुलाकात कीजिए। पानी के मामले में ऐसा भेदभाव मत कीजिए। बता दें, आम आदमी पार्टी लगातार हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है। उधर दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा, उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें। मंत्री ने कुछ आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी का उत्पादन 1002 एमजीडी था, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गया।

## स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में बिभव कुमार की हिरासत एक दिन और बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत की अवधि एक दिन और बढ़ा दी गई है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में बिभव कुमार न्यायिक हिरासत में हैं। शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए बिभव की हिरासत अवधि एक दिन और बढ़ा दी है। बिभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष पेश हुए। उन्हें कल भी कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। इससे पहले इसी मामले में शुक्रवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। जस्टिस अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने बिभव की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। अभी न्यायिक हिरासत में बंद बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था।

# राज्यसभा सीट से लेकर मंत्री पद तक, महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में खटपट, खुलकर सामने आए मतभेद

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से एनसीपी में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे।

प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, (उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल



पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था।

नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊ वाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय एनसीपी की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं। कैबिनेट मंत्री भुजबल सुनेत्रा पवार के नामांकन के बाद नाराज हैं, मीडिया में आई इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सहयोगी ने खुद बताया है वह नाराज नहीं हैं। अजित पवार ने कहा कि विपक्ष समेत कुछ लोग और हमारे करीबी दोस्त ऐसी खबरें फैला रहे हैं, लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं है। अजित ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो प्रफुल्ल पटेल और भुजबल समेत राकांपा के प्रमुख नेता मौजूद थे। इन आंतरिक टकरावों के बीच, सुनेत्रा पवार ने बारामती से लोकसभा चुनावों में अपनी हालिया हार के बाद आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए राकांपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। महाराष्ट्र में एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव 25 जून को होना है।

## आरसीसीपीएल ने पर्यावरण सप्ताह सम्पन्न किया

**मैहर।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर ने विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह 2024 का आयोजन 5 जून 2024 से 11 जून 2024 तक सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस सप्ताह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण को संरक्षित करना था। कंपनी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सभी विभागों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सप्ताह की शुरुआत 5 जून को एक संक्षिप्त उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें यूनिट हेड पी.के. चौधरी, तकनीकी प्रमुख, और वाणिज्यिक प्रमुख ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक अवसर प्रदान किया। 6 जून को माइन्स में पौधारोपण दिवस आयोजित किया गया। पर्यावरण टीम ने माइन्स पहुंचकर पौधारोपण किया और इसके साथ ही टोपी वितरण और जलपान की व्यवस्था भी की गई।7 जून को माँ शारदा देवी परिसर में प्लास्टिक कचरा और अन्य कचरा संग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बाद में बैग वितरण और जलपान का आयोजन किया गया।8 जून को सीसीआर से पैकिंग प्लांट तक रैली का आयोजन किया गया, जिसे यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 11 जून को सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्वागत भाषण, तुलसी पौधे को जल अर्पण, पर्यावरण की शपथ, नाटक प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, और धन्यवाद प्रस्ताव शामिल थे। मुख्य अतिथि आरओ कटनी सुधांशु तिवारी और यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

## यूपीएससी देने वालों की सुविधा के लिए डीएमआरसी का फैसला

### 16 जून को सुबह 6 बजे से चलेगी मेट्रो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने घोषणा की है कि 16 जून हो होने वाली यूपीएससी (संघ लोकसेवा आयोग) परीक्षा के मद्देनजर फेज-3 सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं रविवार सुबह 6 बजे से उपलब्ध रहेंगी। इस बारे में शुक्रवार को डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने जानकारी दी।

अनुज दयाल ने कहा कि तीसरे चरण के सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं जो आमतौर पर रविवार को सुबह 8 बजे शुरू होती हैं, वे 16 जून को सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएंगी। आगे उन्होंने कहा, यह व्यवस्था संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए की जा रही है। मुंडका से ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बदरपुर बॉर्डर से राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़), मजलिस पार्क से शिव विहार, जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन और ढांसा बस स्टैण्ड से द्वारका के बीच चलने वाली ट्रेनें आती हैं। दयाल ने बताया कि अन्य सेक्शन्स पर मेट्रो सेवाएं सुबह छह बजे से अपने सामान्य कार्यक्रम के अनुसार ही चलेंगी। उधर एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम) ने गुरुवार को कहा कि आगामी यूपीएससी परीक्षा के मद्देनजर नमो भारत ट्रेन सेवाएं रविवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

## शिकायत के बाद खुली बीमा कंपनी की नींद, मामला दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में फर्जीवाड़े का एक अनोखा मामला सामने आया है। एक बीमा कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर ग्राहकों को पॉलिसी बेचकर या उनके पॉलिसी का नवीनीकरण कर फर्जी प्रमाण पत्र देता था और उनसे मिलने वाली रकम को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लेता था। बीमा कंपनी को जब इसकी जानकारी मिली तो पुलिस से इसकी शिकायत की गई। पुलिस ने बीमा कंपनी के रिलेशनशिप मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीमा कंपनी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, एक स्वास्थ्य बीमा फर्म के रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने ग्राहकों से पैसे लेकर उन्हें जाली पॉलिसी प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने ग्राहकों से मिले पैसे को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लिया। शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने जनवरी और फरवरी में 14 ग्राहकों से अपने निजी बैंक खाते में पैसे जमा कराए।

# आबकारी घोटाला मामले में आप कार्यकर्ता रयात की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक चनप्रीत सिंह रयात की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी।

जस्टिस अमित शर्मा की अवकाश पीठ ने रयात की नियमित जमानत की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया और एजेंसी से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ईडी ने रयात को पिछले साल 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था, रयात पर 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए नकद भुगतान का इंतजाम करने का आरोप है।

आरोपों के मुताबिक बीआरएस नेता के कविता, टीडीपी के ओंगोल सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और उनके बेटे




राघव मगुंटा, बिजनेसमैन सरथ चंद्र रेड्डी और अन्य लोगों के साउथ ग्रुप ने अब खत्म हो चुकी 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के तहत दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी।

ईडी का दावा किया है कि इस कथित रिश्वत में से 45 करोड़ रुपए का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान के लिए किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो को जांच का आदेश देने के बाद 2022 में इस नीति को खत्म कर दिया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। बीते साल जुलाई में ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में रायत को जमानत दे दी थी, यह देखते हुए कि उन्होंने नीति के निर्माण या कार्यान्वयन में कोई भूमिका नहीं निभाई थी।


# रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन देंगे अमेरिका-यूरोप, पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने बड़ा कदम उठाया है। रूस की संपत्तियों को जब्त कर ये देश अब यूक्रेन को अरबों डॉलर का कर्ज देंगे। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस की प्रतिबंधित संपत्तियों को उस समय तक जब्त रखे जाने पर सहमति जताई है, जब तक कि वह यूक्रेन पर हमले के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर देता। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस कदम से जी-7 शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा कीव के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की घोषणा करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारी ने कहा कि पहला भुगतान इसी वर्ष किया जाएगा, लेकिन यूक्रेन को सारा पैसा खर्च करने में समय लगेगा। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर समझौते की जानकारी दी, जिसे शुक्रवार को जी-7 नेताओं की विज्ञप्ति में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, जी-7 देशों के समूह ने यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों का इस्तेमाल करने की योजना की घोषणा की है।

पुतिन इस कदम से भड़के हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करके ऋण पैकेज प्रदान करने के समझौते की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि रूस इस कदम का करारा जवाब देगा। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेता हमारी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किसी तरह का कानूनी आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी चालों के बावजूद, वे चोरी ही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा, चोरी तो चोरी होती है और चोर को सजा दिए बिना नहीं छोड़ सकते। पुतिन ने कहा कि ऐसे तो वे किसी की भी संपत्ति जब्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम उठाने वालों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। रूस की कौन सी संपत्तियों को जब्त कर यूक्रेन की मदद की जाएगी, इसको लेकर आने वाले एक हफ्ते में डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यूक्रेन को इस साल के अंत तक पैसे मिलने की उम्मीद है। हालांकि, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को इस समझौते को खारिज करते हुए कहा कि यह सिर्फ कागज़ के टुकड़े हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने जखारोवा के हवाले से कहा, ये समझौते कुछ भी नहीं हैं। इनमें कोई भी कानूनी आधार नहीं है। सब फर्जी है।

# आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में कहा हैप्पी बर्थडे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** हाल ही में हश मनी मामले में दोषी ठहराए गए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने अपनी चुनावी अभियान से भी जोड़ा है। जो बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान के तहत डोनाल्ड ट्रंप को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी। डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए और इसलिए बाइडेन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जो बाइडेन की ओर से ट्रम्प को जन्मदिन के संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एक असफल और धोखेबाज़ व्यक्ति हैं। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले दो प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार (ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन) अमेरिका के इतिहास के अब तक के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन 81 साल के हैं, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के हैं। बाइडेन के कैंपेन की ओर से एक वीडियो जारी कर लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं,। इसमें आगे बाइडेन ने कहा, अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा गिफ्ट पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों की एक दिलचस्प लिस्ट भी शेयर किया। इसमें कहा गया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराए जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। रिपब्लिकन ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच उम्र और दिमागी सेहत चर्चा का विषय रहती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जन्मदिन पर फ्लोरिडा में भीड़ को संबोधित किया और जो बाइडेन को दूसरा कार्यकाल संभालने के लिए बहुत कमज़ोर बताया। ट्रंप ने कहा, हमारे देश को अक्षम लोग बर्बाद कर रहे हैं।


## यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार: पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन डोनबास, खेरसॉन और जापोरिज्जिया से अपने सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार है। आरटी के मुताबिक पुतिन ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कीव द्वारा सैनिकों की वापसी की घोषणा करने और नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ने पर हम उसके साथ संघर्ष विराम और बातचीत शुरू कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिम देश और यूक्रेन फिर से उसके शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं, तो भविष्य में रक्तपात के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि रूस अस्थायी युद्ध विराम नहीं, बल्कि स्थायी शांति चाहता है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# म्यांमार में जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी सूचनाएं, सैन्य सरकार ने वीपीएन को ब्लॉक किया

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर मुफ्त संचार को रोकने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन तक पहुंच बंद करने के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। मोबाइल फोन ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, प्रमुख विपक्षी समूह और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सूचना को प्रतिबंधित करने का यह काम मई महीने के आखिरी में ही शुरू हो गया था।

**पहले भी कई बार इंटरनेट सेवाओं को रोका जा चुका है:** आंग सान सू की की निर्वाचित



सरकार को हटाकर फरवरी 2021 में सत्ता संभालने वाली सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर ट्रैफिक को कम करने के लिए पहले भी कई कोशिश की है। खासतौर से जब सेना सत्ता पर काबिज हुई थी, उस वक्त उन्होंने इंटरनेट पर काफी प्रतिबंध लगाया।

**मोबाइल पर वीपीएन ऐप पाए जाने के बाद 25 लोग गिरफ्तार:** सरकारी फंड से चलने वाले रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि म्यांमार के मध्य तटीय अय्यारवाडी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों इस सप्ताह सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके जुर्माना लगाया गया है। इन सभी लोगों के मोबाइल फोन पर वीपीएन ऐप पाया गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की।

सेना को देश भर में लोकतंत्र समर्थकों से कड़ी सशस्त्र चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। सैन्य सरकार का यह कदम सामरिक उद्देश्यों की पूर्ति तो कर सकता है, लेकिन इसने मानवाधिकारों के हनन के सबूतों को सार्वजनिक करना भी कठिन बना दिया है।

## रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे।

रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गईं। कुछ लोगों ने दक्षिण अफ्रीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बहेतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555